# फेरों से पहले दुल्हन ने पार्लर में दम तोड़ा

## श्रृंगार के समय बिगड़ी हालत के बाद चिकित्सकों ने किया था मेरठ रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बारात घर मे आयोजित शादी के मंडप की तैयारियों के बीच अचानक दुल्हन की मौत की खबर से दो परिवारों मे मातम पसर गया।

भोपा रोड स्थित नॉथ फार्म मे बारात आगमन की तैयारियां अंतिम चरण मे थी। कि दुल्हन की अचानक मौत की खबर से सभी सन्न रह गये।

मुजफ्फरनगर निवासी डॉ. विजय भूषण पुत्र डॉ.भारत भूषण की शादी मंगलवार की शाम डॉ. सुषमा पुत्री आचार्य अविनाश निवासी महाप्रभु रामलाल सिद्ध पीठ झांसी से होनी थी। नॉथ फार्म बारात घर मे बारात आगमन की तैयारियां जारी थी वहीं दुल्हन डॉ. सुषमा शर्मा का ब्यूटी पार्लर मे श्रंगार हो रहा था की अचानक डॉ. सुषमा को घबराहट हुई तो उन्हें चिकित्सक के पास ले जाया गया हालत बिगड़ती देख चिकित्सक ने उन्हें मेरठ अस्पताल रैफर कर दिया जहां उनकी मौत हो गयी। डॉ. सुषमा की मौत से दो परिवारों मे मातम छा गया है। डॉ. विजय भूषण का परिवार पूर्व मे भोपा क्षेत्र के गांव मलपुरा निवास करता था। शादी समारोह मे बड़ी संख्या मे गांव मलपुरा के व्यक्ति आमंत्रित थे। वहीं पिछले कुछ समय मे शादी समारोह के दौरान अचानक हो रही मौत की घटनाएं समाज मे लगातार बेचैनी उत्पन्न कर रही हैं। अचानक हो रही मौत की घटनाओं को किस प्रकार रोका जाये यह यक्ष प्रश्न बन गया है।

## सड़क दुर्घटना में अज्ञात की मौत

**मोरना।** पुलिस चौकी के निकट तेजी से जा रहे वाहन ने अज्ञात पैदल व्यक्ति को टककर मार दी जिससे मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना मे पुलिस चौकी के निकट मुजफ्फरनगर मार्ग पर मंगलवार सुबह ढाई बजे तेजी से आ रहे किसी वाहन ने पैदल गुजर रहे एक व्यक्ति को टककर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक पैर मे जूते भी नहीं पहने हुए था। पुलिस ने मृतक का हुलिया दर्ज के शव को मोर्चरी भेज दिया।व शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं साथ ही सी सी टी वी कैमरो की सहायता से आरोपी अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## नहर झाल पर बहता मिला युवक का शव

**भोपा।** निरगाजनी गंग नहर झाल पर युवक का शव बहता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल कर हुलिया दर्ज किया व पंचनामा कर शव को पोस्ट मार्टम के मोर्चरी भिजवाया। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

भोपा थाना क्षेत्र के निरगाजनी गंग नहर झाल पर मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने बीच वाली नहर मे एक शव को बहते देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे निरगाजनी झाल चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक देवपाल सिंह ने शव को नहर से बाहर निकलवा कर हुलिया दर्ज किया। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया की शव किसी नवयुवक का प्रतीत होता है। जो साधारण गर्म कपड़े पहने था ।शरीर पर कोई घाव आदि नहीं था। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया व अज्ञात शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये हैं। वहीं नवयुवक का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी व्याप्त है।

# बारातियों से भरी अनियंत्रित बस पलटी, दर्जनों घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** एनएच-58 पर बरला के निकट ओवरटेक कर रही बाइक को बचाने में बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। बारातियों में चीख पुकार मच गई जिससे निकट ढाबे के कर्मचारी व वहां खडी डायल 112 के पुलिस कर्मचारी कुछ ग्रामीणों ने बस की खिड़की व शीशे तोड़कर बरातियों को बाहर निकाला। दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये। तुरंत ही ऐम्बुलेंस को सूचना दी। 6 ऐम्बुलेंस मौके पर पहुंची ओर घायलों को पुरकाजी सीएचसी भेजा गया वहां से गंभीर घायलों को मुजफ्फरनगर रैफर कर दिया।

मंगलवार को एक बारात उत्तराखंड के गांव रायसी थाना लक्सर जनपद हरिद्वार से थाना छपार क्षेत्र के गांव दतियाना जा रही थी। बस जब हाइवे पर बरला के निकट एक मशहूर ढाबे के सामने पहुंची तो पीछे आ रही एक बाइक ने ओवरटेक किया जिसे बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस में सवार यात्रियों में चिल्लाहट मच गई। ढ़ाबे के कर्मचारी, वहां मौजूद पुलिस कर्मी व कुछ ग्रामीण भी आवाज सुनकर वहां पहुंच गये ओर बस की खिडकी व शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निक. ाला गया। बस में दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये।

अगर दूसरी साइड में कोई वाहन आ जाता तो बडा हादसा हो सकता था। सूचना पर छपार पुलिस व सीओ सदर राजू कुमार साव मौके पर पहुंचे ओर छह एम्बुलेंस बुला कर सभी घायलों को उपचार के लिए पुरकाजी सीएचसी भेजा गया वहां गंभीर घायलों में दूल्हे अक्षय कुमार का पिता गोपाल, राहुल, धर्मपाल, गोलू, कुलदीप, मोहित, विपुल, शिवकुमार, बिट्टू आदि को मुजफ्फरनगर चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हाइवे पर जाम लग गया। पुलिस ने जेसीबी से बस को हटवाकर जाम खुलवाया। बस चालक मौके से फरार हो गया।

## पेपर मिल पर जीएसटी टीम का छापा

**मुजफ्फरनगर।** स्टेट जीएसटी टीम के अधिकारियों ने भोपा रोड स्थित सिद्धबली पेपर मिल पर छापेमारी करते हुए मिल के कार्यालय से कुछ दस्तावेज अपने कब्जे में कर लिए जिससे यहां हड़कंप मचा है।

मंगलवार को यहां पहुंची टीम ने यहां पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए अपने कब्जे में कच्चे और माल की गणना के साथ कुछ कागजात कब्जे में लिए। छापेमारी के दौरान यहां हड़कंप मच गया। ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित ने बताया कि जांच अभी जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# शादी का झांसा देकर ठगी में महिला सहित दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** भौराकलां पुलिस ने महिला सहित दो ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है जो फर्जी नाम पता बताकर शादी का झांसा देते हुए लोगों से ठगी करते है। पुलिस ने पकडे गए आरो. पियों के कब्जे से ठगी गई नगदी, फर्जी आधार कार्ड व अन्य सामान बरामद होना बताया है। भौराकलां थाने में तैनात दरोगा शिवम शर्मा ने बताया कि अट्ठारह फरवरी को उन्होने मेहताब उर्फ शहजाद पुत्र तमरेज निवासी ग्राम बुढ़ीना खुर्द थाना तितावी और एक महिला मोनिका रानी निवासी केडी थाना बाबरी जनपद शामली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि महिला अपना नाम शालू बताकर व महताब अपना नाम शहजाद बताकर पीड़ितो से शादी का झांसा देकर लाखो की ठगी करते है और हाल में भी उन्होने एक व्यक्ति से शादी का झांसा देकर 72 हजार से अधिक की ठगी की थी। पुलिस ने चौदह हजार की नगदी बरामद करते हुए अन्य कागजात बरामद किए है। पुलिस का कहना है कि लिखापढ़ी के बाद दोनो को जेल भेज दिया गया।

# सड़कों पर खड़े वाहनों पर होगी कार्रवाई: एसपी यातायात

■ **बैंक्वट हॉल, रेस्टोरेंट, होटल के संचालकों को दी चेतावनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर में लगातार बढ़ते जाम को देखते हुए एसपी ट्रैफिक ने मंगलवार को निजी अस्पताल कोचिंग सेन्टर बैंक्वट हॉल, रेस्टोरेंट के संचालकों को लिखित चेतावनी जारी की है। उन्होने कहा कि यदि किसी भी व्यवसायिक संस्थान के सामने वाहन खड़े मिले तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि संचालक यह सुनिश्चित करे कि वाहन पार्किंग कहां होगी। एसपी यातायात अतुल चौबे ने पत्र में कहा कि काफी समय से बैंक्वट हॉल, होटल, रेस्टारेंट व कोचिंग सेन्टरों पर पार्किंग की व्यवस्था नहीं है जिससे यहां आने वाले लोग वाहनों को ठीक ढंग से नहीं लगाते जिससे जाम की स्थिति लगातार बढ़ रही है। इतना हीं नहीं जनपद में दुर्घटनाएं भी बढ़ रही है। उन्होने कहा कि यदि वाहन गलत खड़े मिले तो संचालकों पर कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि सभी संस्थान के संचालक अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करे और संस्थानों के पास पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए।



मुजफ्फरनगर: एंबुलेंस में घायल को ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।

## शादी में शामिल होकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**भोपा।** शादी समारोह से वापस लौट रहा बाराती जैसे ही गंग नहर पटरी पर पहुंचा।दूसरी बाईक से उसकी भिड़ंत हो गयी। जिससे दोनों चालक घायल हो गये गंभीर रूप से घायल बराती की मौत हो गयी। चरथावल थानाक्षेत्र के गांव महाबलीपुर (मोगलीपुर) निवासी सिद्धार्थ मंगलवार को अपने साले प्रदीप निवासी चरथावल की बारात में शामिल होने भोपा थाना क्षेत्र के गांव भोकरहेडी में आया था। शादी समारोह में शिरकत के बाद देर शाम वह बाइक द्वारा अपने गांव वापस लौट रहा था। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के गांव बेलडा के गंग नहर पटरी मार्ग पर पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से उसकी भिडंत हो गई। जिससे सिद्धार्थ गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के साथ हुए हादसे की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया वहीं साले की शादी की खुशियाँ जीजा की अचानक हुई मौत से मातम मे बदल गयी। युवक की असमय मौत से पत्नी निक्की और दो पुत्रियों का रो-रो कर बुरा हाल है।






# एडीएम एफ पर लगाया मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** एक महिला ने सुप्रीमकोर्ट में इच्छामृत्यु की अपील करते हुए एडीएम एफ पर मानसिक व शारीरिक उत्पीडन का आरोप लगाया है।

पीड़िता इमरानी ने सुप्रीम कोर्ट में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसे धमकाते हुए झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने एवं विधि विरूद्ध तरीके से शासनादेशों का खुला उल्लंघन करते हुए विपक्षी की प्राईवेट गाडियों में चलने व अपने दफ्तर में प्राईवेट बाबू ललित कुमार से सकारी कार्यालय का फाईलों में कार्य कराने तथा प्रार्थीया के घर प्राईवेट पटवारी इमरान निवासी मुझेडा व अन्य दबंग व्यक्तियों एवं अधिकारियों को भेजकर धमकाने से क्षुब्ध होकर अपने परिवार सहित जीवनलीला समाप्त करने की अनुमति प्रदान की जाए। पीड़िता इमरानी ने डीएम को दिए पत्र में लिखा वह और उसकी बहन इरफानी ग्राम मुझेडा तहसील जानसठ के गाटा संख्या 1267 में 344.19 वर्गमीटर अकृषिक घोषित की बजरिये बैनामा मालिक काबिज व स्वामी है, जिसका अर्जन नेशनल हाईवे आर्थोरिटी आफ इंडिया द्वारा एनएच-709एडी के फोरलेन/चौडीकरण हेतु किया है। उसको हाईकोर्ट के आदेश के उपरांत आज तक मुआवजा नहीं दिया है और मुआवजे की मांग करने पर उसे एडीएम एफ धमका रहा है और झुठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहा है। वह एडीएम के उत्पीडन से इतनी प्रताडित हो गयी है कि अब उसकी जीने की इच्छा भी समाप्त हो गयी है, क्योंकि एडीएम गजेन्द्र कुमार विधि विरूद्ध तरीके से न्याय मांगने एवं प्रतिकर की उचित मांग करने पर प्रताडित कर



समाज में लगातार अपमानित किया जा रहा है। वह डर में घुट-घुटकर नहीं जीना चाहती है। एडीएम इससे पहले प्रार्थीया के साथ अप्रिय घटना को कारित करे, वह अपने जीवन को समाप्त करने की स्वेच्छा से उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी से इच्छामृत्यु की अनुमति प्रदान करने की मांग करती है, जबकि उसे यह भलीभांति ज्ञात है कि संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन का अधिकार देता है, लेकिन इसकी व्याख्या करते हुए सुप्रीमकोर्ट ने बताया है कि जीवन के अधिकार में गरिमा के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है, परंतु एडीएम (एफ/आर) उसको गरिमा एवं सम्मान के साथ स्वतंत्र रूप से जीने नहीं दे रहा है और अपने अधिकारों की मांग करने पर उसको तंग व परेशान कर रहा है, इसलिए वह स्वेच्छा से गजेन्द्र कुमार एडीएम के उत्पीडन से तंग आकर इच्छा मृत्यु की मांग कर रही है, जिसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार गजेन्द्र कुमार एडीएम (एफ/आर) व उसके अन्य साथी व अधिकारी है, जिनके विरूद्ध कार्यवाही की जानी आवश्यक है, अन्यथा उसे न्याय नहीं मिलेगा।

# युवकों ने तमंचे की नोक पर लकड़ी ठेकेदार से लुटे 20 हजार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े लकड़ी व्यापारी से कार सवार अधादर्जन युवक तंमचे के बल पर आतंकित कर हजारों रुपए की नकदी लूट कर फरार हो गए। लूट की घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर कार सवार बदमाशों की तलाश में जंगलों में कॉम्बिंग कर रही थी।

मंगलवार को दिन दहाड़े रतनपुरी थाना क्षेत्र के चलसीना गांव के ग्रामीणों में उस समय समय हड़कंप मच गया जब कार सवार अधादर्जन बदमाशों ने तमंचे की नोक पर गांव में दहशत फैलाते हुय गांव के लकड़ी व्यापारी से तमंचे की नोक पर हजारों रूपए की नकदी लूट कर फरार हो गए। बता दे कि चलसीना निवासी सोनू पुत्र रामपाल लकड़ी व्यापारी है। सोनू अपने साथियों के साथ भोपा लकड़ी बेच कर वापिस अपने गांव लौट रहा था जब वह चलसीना गांव के पास मोरकुक्का मोड़ के पास पहुँचा तो तभी वाह पहले से ही घात लगाए बैठे कार सवार 6 बदमाशों ने उसे और उसके साथियों को तमंचे के बल पर आतंकित करते हुए सोनू से 20 हजार रूपए की नकदी लूट कर फरार हो गए। पीड़ितों ने बदमाशों के फरार होने के बाद शोर मचाकर वहां से गुजर रहे लोगों को घटना की सूचना दी। ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन बदमाश हाथ नही लग पाए। उसके बाद ग्रामीणों ने 112 पर रतनपुरी पुलिस को घटना सूचना दी दिनदहाड़े लूट की सूचना से पुलिस के खेमे में खलबली मच गई। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुँच पीड़ित से घटना की जानकारी लेने के बाद बदमाशों की तलाश में जंगलों में कॉम्बिंग की। पीड़ित लकड़ी व्यापारी ने अज्ञात कार सवार बदमाशों के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की। दिन दहाड़े हुई लूट की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था। रतनपुरी थाना प्रभारी तेज सिंह का कहना था कि लूट की घटना संदिग्ध है दोनों पक्षों के बीच लेन देन को लेकर मारपीट हुई थी पीड़ित की तहरीर पर घटना की जांच की जा रही है।

## एसएसएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**मीरांपुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर विद्यालय के बोर्ड परीक्षा व आईआईटी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सांसद चंदन सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर वीरपाल निर्वाल, विद्यालय के चेयरमैन सुशील शर्मा एवं निदेशक राजेश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं में अंशु प्रजापति प्रथम, महत्व कौशिक द्वितीय, यश धीमान तृतीय स्थान पर रहे। हाईस्कूल परीक्षा में मिष्टी प्रजापति 98.4 प्रतिशत प्रथम, तयम्मुन 97.2 प्रतिशत द्वितीय और फलक जेहरा 94.4 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहीं। आईआईटी परीक्षा में अंशु प्रजापति और महत्व कौशिक ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा 90 सीनियर सेकेंडरी स्कूल में से अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षित राजवंशी, सक्षम शर्मा, तनस्वी वत्स सहित अन्य विद्यार्थियों को 15,000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई, जबकि 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 10,000 रूपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद चंदन सिंह चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। विशिष्ट अतिथि डॉ. वीरवाल निर्वाल ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के चेयरमैन सुशील शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी महत्वपूर्ण हैं। निदेशक राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रगति के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने वार्षिक उन्नति आख्या प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन तिथि शर्मा, मिष्टी प्रजापति, सुकृति और इशिता प्रजापति ने किया। इस अवसर पर सांसद चंदन सिंह चौहान और डॉ. वीरपाल निर्वाल ने पौधारोपण किया। विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा में भाग लेने वाले छात्रों और नगर के प्रबुद्ध नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

# मुठभेड़ में 15000 के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा

**मीरापुर।** पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान 15,000 रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेंद्र नगर ने जानकारी दी कि मीरापुर पुलिस टिगडेरा मार्ग पर राजवाहे के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन युवक ने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस ने तत्काल उसे पकड़ लिया और उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की। पकड़े गए बदमाश की पहचान अमन उर्फ शादाब पुत्र महाराज निवासी मरकज वाली मस्जिद, थाना कांधला, जिला शामली के रूप में हुई। अमन ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने अगस्त 2024 में मीरापुर के मोहल्ला मुशतर्क से आमिर पुत्र सलीम की बाइक चोरी की थी। कुछ ही दिनों बाद पुलिस ने उसके एक साथी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अमन पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। तभी से वह फरारी काट रहा था, जिसके चलते पुलिस ने उस पर 15,000 रुपये का इनाम घोषित किया था।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यशाला का बघरा में आयोजन

**तितावी।** ,हमारा आंगन हमारे बच्चे,,' कार्यक्रम के अंतर्गत विकास क्षेत्र बघरा में आयोजित की गई कार्यशाला। बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, नोडल टीचर और कक्षा एक को पढाने वाले शिक्षकों सहित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने ''हमारा आंगन, हमारे बच्चे' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तितावी स्थित पी टी उषा कन्या इंटर कॉलेज के हाल में दीप प्रज्वलन के पश्चात प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता पी टी उषा कन्या इंटर कॉलेज की प्राचार्या उषा सिंह ने की। हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीपीओ विकास क्षेत्र बघरा संतोष कुमार शर्मा रहे व कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र कुमार बालियान मुकुंदपुर ने किया। संबोधित करते समय सीडीपीओ श्री शर्मा ने कहा कि अध्यापक के अध्यापक व आंगनबाड़ी संयुक्त रूप से मिलकर पारिवारिक भावना के साथ शिक्षण कार्य में सहयोग करें तभी जाकर सार्थक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एआरपी श्रीमती विदुषी निशा का कार्यक्रम एवं प्रकाश डालते हुए पहुंचने के लिए प्रेरित किया एआरपी पुष्पेंद्र कुमार प्री प्राइमरी अर्थात आंगनबाड़ी केदो के अंतर्गत आने वाले बच्चों की शिक्षा पर गहन प्रकाश डालते हुए चर्चा की। एआरपी अलीनवाज ने निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमो पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालकर अध्यापकों के समक्ष प्रस्तुत किया। हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 8 की तनु कक्षा 7 की अंशी व कक्षा सात की आयुषी उच्च प्राथमिक विद्यालय धोलरा की कक्षा 7 के छात्र नैतिक मोहम्मदपुर मॉडन कक्षा 8 के शगुन उच्च प्राथमिक विद्यालय करवाड़ा से उमंग खतोला सालाहखेड़ी से नेहा नसीरपुर से देव बघरा से शेरवेब पीन्ना से रुक्मणी, रौनक प्रियांशु खतोला से निशा नसीरपुर से कार्तिक हरसोली से आयशा हरसोली से शिफा सोहेल व बघरा से हसन आदि को मेडल वी गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में स्वाति शर्मा, सयोंगिताचौधरी,अरूण बालियान, वरिष्ठ लिपिक अजय दहिया वरिष्ठ लेखाकार दीपक कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर वसीम अहमद कार्यालय सहायक अवनीश कुमार गुप्ता,नरेन्द्र कुमार शर्मा, उपेंद्र कुमार अनुदेशक का विशेष सहयोग रहा

## जेल से आये युवक की मौत

**तितावी।** थाना क्षेत्र में देर रात एक हादसा हो गया, यहां जेल से आये युवक की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव सल्हाखेड़ी निवासी सुभाष पुत्र राजसिंह 40 वर्ष किसी काम से अपनी मोटरसाइकिल पर किसी काम से लालूखेड़ी बस स्टेण्ड पर गये थे। जैसे ही वह अलीपुर गेट के निकट पहुँचे तो किसी अज्ञात वहान ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमे बाइक सवार घायल हो गाया पुलिस ने घायल को 108 की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया जहाँ चिकित्सकों ने उस मृत घोषित कर दिया। बताया गया की मृतक अपने दो भाइयों की हत्या के मामले में जेल गाया था। जो ज़मानत पर घर आया था।

# स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन का महत्व बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव कुरालसी में मंगलवार के दिन एक विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें डीएवी महाविद्यालय बुढाना के प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार ने माता सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए इस घशिविर का शुभारंभ किया। यहां पर कार्यक्रम अधिकारी जोनी कुमार ने सभी स्वयं सेवकों को जीवन में अनुशासन का महत्व बताया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा के विघभिन्न पहलुओं की भी जानकारी दी। स्वयं सेवकों को कौशल विकास के बारे में भी जानकारी दी गई और बताया कि कौशल विकास से एक व्यघक्ति को विशेष क्षेत्र में प्रघशिघक्षित किया जा सकता है। इस मौके पर यहां पिछले वर्ष के सभी स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र भी




वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कला विभाग की निघधि स्वामी, छात्रा प्राची कुमारी, नेहा कुमारी, आरजू कुमारी, वंशिका कुमारी, गौरव कुमार, तरूण कुमार और ब्विवास जोशी सहित अन्य कई स्वयं सेवकों की उपस्थिति देखने को मिली।

# जाम मुक्ति को किसान नेता ने की सड़क निर्माण की मांग

**चरथावल।** काफी दिनों से सड़क निर्माण न होने से नगरवासी खासकर व्यापारी वर्ग बेहद परेशान है। पूरे दिन नगर में जाम लगा रहता है तथा धूल उड़ती रहती है। जिससे नगर वासियों का रहना एवं व्यापारियों का व्यापार करना दुबर हो गया है वहीं सड़क निर्माण अधर में लटका होने से सड़क पर हर समय जाम लगा रहता है।प्रमुख समाजसेवी व किसान नेता अभिषेक बंसल ने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है। मुजफ्फरनगर-चरथावल-थानाभवन सड़क का चौड़ीकरण का कार्य कई वर्षो से लंबित है जबकि लोक निर्माण मंत्री ने सड़क निर्माण दस माह में पूरा करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया था। मगर आज तक सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो पाया है चरथावल नगर में सड़क चौड़ीकरण



के नाम पर मात्र अभी तक खानापूर्ति हो पाई है। जब भी निर्माण कार्य चलता है कोई न कोई उसको रुकवा देता है मगर प्रशासनिक अधिकारी इसका समाधान निकाल पाने में पूरी तरह से असमर्थ हैं।किसान नेता अभिषेक बंसल ने कहा कि सड़क निर्माण न होने से नगरवासी खासकर व्यापारी वर्ग बेहद परेशान है। पूरे दिन नगर में जाम लगा रहता है तथा धूल उड़ती रहती है। जिससे नगर वासियों का रहना एवं व्यापारियों का व्यापार करना दुभर हो गया है वहीं सड़क निर्माण अधर में लटका होने से सड़क पर हर समय जाम लगा रहता है।वरिष्ठ समाजसेवी व किसान नेता अभिषेक बंसल ने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## चोरी के शक में युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

**बुढ़ाना।** चोरी किए जाने के शक में भीड़ द्वारा एक युवक की घेरकर सरेआम पिटाई की गयी। दो आरोपी युवक को पीट रहे हैं लेकिन भीड़ तमाशबीन बनी हुई है। इस घटना का किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद अब बुढ़ाना पुलिस आरोपी युवकों की तलाश में लग गयी है। मिली जानकारी के अनुसार आज मंगलवार के दिन सोशल मीडिया पर एक मिनट 40 सैकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें दो युवकों ने भरी भीड़ मे एक युवक को अर्द्धनग्न किया हुआ है।वे उसको पकड़कर कुछ पूछ रहे हैं और उसकी लात घूसों से नीचे सड़क पर डालकर पिटाई कर रहे हैं। एक आरोपी तो खूंखार सा दिख रहा है शायद वो इस युवक को जान से ही मार डालेगा। भीड में शामिल अन्य कोई भी व्यक्ति इस अर्धनग्न युवक को बचाने को तैयार नही। भीड में शामिल दोनों आरोपियों के मुताबिक उक्त युवक ने चोरी की किसी घटना को अंजाम दिया है। यह वीडियो बुढाना कस्बे के चौधरी चरण सिंह तिराहे का बताया जा रहा है। युवक ने किसके यहां चोरी की घटना को कब अंजाम दिया यह पता नहीं लग पाया है। उधर उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बुढाना पुलिस भी आरोपी युवकों की तलाश में लग गयी हैं।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे दसवीं के प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम MOHD ABBAS ALI दर्ज है। जोकि सहवन गलती से दर्ज है। जबकि मेरे पिता का सही नाम MOHD ABBAS है। मेरी सभी आईडी में मेरे पिता का नाम MOHD ABBAS ही दर्ज है। जोकि सही है।

**शेर खान पुत्र**
**MOHD ABBAS**
**114 दीन मोहम्मद**
**मौहल्ला सुजडू**
**मुजफ्फरनगर उ.प्र.**
**251003**

## ऋण के रुपये मांगने पर महिला को धारदार हथियार से किया घायल

**बुढ़ाना।** कस्बे के मौहल्ला खाकरोबान निवासी आसमा पत्नी शौकीन उस्मानी बीती सायं कस्बे के बडकता रोड पर रहने वाले सतीश विश्वकर्मा के घर पर ऋण के 50 हजार रुपये मांगने गयी तो आरोप के मुताबिक सतीश की पत्नी और बच्चों ने उसके साथ गाली गलौच की और मारपीट करके भगा दिया। कुछ देर बाद आरोपी आसमा के घर पर बीती देर रात योजनाबद्ध तरीके से पहुंचे और उसके साथ फिर मारपीट कर हाथ में कोई नुकीली वस्तु मार दी और पुलिस में बताने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी देते हुए फरार हो गया। इस वारदात को सतीश के पुत्र भूरु ने अपनी मां व अन्य लोगों के साथ अंजाम दिया। पीड़िता आसमा ने आरोपियों के जाने के बाद डायल 112 को फोन किया तो आरोप के मुताबिक डायल 112 महिला की बात सुनकर चली आई। पीड़िता ने फिर बुढाना कस्बा चौकी पर जाकर आरोपियों की शिकायत की लेकिन पुलिस ने भी रात बताकर महिला को टरका दिया और आज सुबह भी उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कुछ भी कार्यवाही ना होने की दशा में पीड़ित महिला ने एसएसपी से अपनी रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है।

# द स्काईलैंड में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाहपुर।** नगर की प्रमुख शिक्षण संस्था द स्काईलैंड विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अथिति क्षेत्रीय विधायक राजपाल बलियान के द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। उसके उपरांत उपस्थित अथितियों द्वारा गुब्बारों को उड़ाकर किया गया। आज नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्र छात्राओं की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सैक रेस, फॉग रेस, डक रेस, लेमन रेस, रिंग रेस, बॉल रेस आदि प्रतियोगिताओं का




आयोजन किया गया। विजयी बच्चों को पुरस्कार अथितियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में विधालय के 6 सदन गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, कृष्णा, कावेरी आपस में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। मुख्य रूप से चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल सैनी, प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल भाई जी, मदन जैन, युवा समाजसेवी तौहीद त्यागी, विनोद कुमार आरा मशीन वाले, शाह टाइम्स के पत्रकार भाग्य शर्मा, एके स्टूडियो के स्वामी अंकित सैनी, युवा समाजसेवी उज्ज्वल कर्णवाल, बसीकला पूर्व प्रधान मुरसलीन राई, सचिन सिंघल, अनूप गोयल, सुमित सैनी, मोहम्मद वसीम समेत सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधालय के संरक्षक प्रवीण गोयल, प्रबंधक राहुल गोयल एवं मनोज गोयल ने आभार ज्ञापित किया।

# हुसैनपुर कलां में संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मंगलवार को बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक बुढाना की सब एनपीआरसी में एआरपीएस मनोज कुमार, सत्येंद्र कुमार, उम्मेद अली, प्रीति चौहान व अमीर अहमद की उपस्थिति में संकुल शिक्षक बैठक माह फरवरी का आयोजन हुआ। इस क्रम में प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर कलां में न्याय पंचायत हुसैनपुर कलां की संकुल शिक्षक मासिक बैठक का आयोजन शासन के द्वारा जारी एजेंडे के अनुसार किया गया। बैठक में बुढाना ब्लॉक से अमीर अहमद एआरपी विषय अंग्रेजी नोडल संकुल शिक्षक राजेंद्र सिंह, संकुल शिक्षक राकेश बंसल, सलीम, अनुज कुमार, प्रवेश कुमार व न्याय पंचायत हुसैनपुर कलां के प्रधानाध्यापक इंचार्ज अध्यापक, अध्यापक, शिक्षा मित्र और अनुदेशक उपस्थित रहे। एआरपी अमीर अहमद द्वारा शासन द्वारा भेजी गई सभी शिक्षक सहायक सामग्री का अपने शिक्षण में उपयोग करने के लिए कहा गया व सभी को शासन के आदेशानुसार सुचारू रूप से शिक्षण सामग्री का प्रयोग करते हुए अपने विद्यालयों को अति शीघ्र निपुण विद्यालय बनाने के लिए कहा गया व उसके लिए सभी संकुल शिक्षकों द्वारा अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया गया। बैठक में उपस्थित न्याय पंचायत हुसैनपुर कला के सभी शिक्षकों द्वारा निपुण विद्यालय बनाने के लिए अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया गया। इस प्रकार से सफलतापूर्वक बैठक का समापन हुआ।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 11225/15.10.2013 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अभिमन्यु वर्मा अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**'आशीष वर्मा'**
**767/14 रामपुरी**
**मुजफ्फरनगर**
**7417313634**
**7017730687**

# महर्षि कश्यप एकता संगठन के ब्लॉकाध्यक्ष बने हरपाल कश्यप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे के पारसी बस स्टैंड के समीप स्थित शुभम कश्यप के आवास पर मंगलवार के दिन महर्षि कश्यप एकता संगठन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें महर्षि कश्यप एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सुशील कश्यप ने सर्व सम्मति से शुभम कश्यप को महर्षि कश्यप एकता संगठन का मुजफ्फरनगर जनपद का नया जिला अध्यक्ष और हरपाल कश्यप को शाहपुर ब्लॉक का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। सभी उपस्थित लोगों ने यहां पर सर्व सम्मति से दोनों ही नव नियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण करके उनका नियुक्ति पत्र देकर सम्मान किया।

इस दौरान यहां बैठक में मुख्य



रुप से कश्यप समाज बुढाना की खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप, रोशन लाल कश्यप, जगमोहन कश्यप, बृज मोहन कश्यप, लोकेंद्र कुमार कश्यप, नंदन कश्यप, कुलदीप कश्यप, अमित कुमार कश्यप, सीताराम कश्यप, जितेंद्र कश्यप, नरेंद्र कुमार कश्यप, ओमपाल कश्यप, मुकेश कश्यप नानु, संजीव पाल कश्यप, विंदर कुमार कश्यप, नंदन कश्यप, आनंद पाल कश्यप, अमित कुमार कश्यप, आर्य कुमार कश्यप, रोशन लाल कश्यप, बृज मोहन कश्यप, मनमोहन कुमार कश्यप और बबलू कश्यप सहित अन्य कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति देखने को मिली।

# एसडीएम पब्लिक स्कूल में खेल उत्सव

**नजीबाबाद।** एसडीएम पब्लिक स्कूल में खेल उत्सव कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन प्री जूनियर ग्रुप के कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षा के बच्चों के खेल कार्यक्रम शुरू हुए। ग्राम खाईखेड़ी कमालपुर स्थित सुखिया देवी मैमोरियल पब्लिक स्कूल के खेल उत्सव कार्यक्रम का उदघाटन स्कूल प्रबंधक बाबूराम तोमर ने फीता काट कर किया। स्कूल शिक्षिका फरहाना मलिक, मुमताज, आंचल, अमीषा, तानिया के निर्देशन में म्यूजिकल चेयर रेस से शुरू किए खेल उत्सव में बच्चों ने कबड्डी और खो खो, लॉन्ग जंप, फ्रॉग रेस, हाइ जंप आदि अनेक खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया जिसमें म्यूजिकल चेयर रेस कक्षा एलकेजी से ऑफफान शेख प्रथम, मौ. अमान मलिक द्वितीय, फातिमा जेहरा तृतीय रहीं।

**सूचना**

अवगत कराना हैं कि दि0 17.02.2025 को लगभग 12 बजे कचहरी परिसर में मेरा ई-आधार, बिजली बिल और रसीद एवं अन्तिम पृष्ठ मूल बैनामे का जो कि तहसील सदर में क्रमांक 3480 दिनांक 27.03.2008 ई0 में रजिस्टर्ड हैं, कहीं निकल गये हैं, जिस किसी को भी उपरोक्त कागज मिले तो निम्नलिखित पते पर सम्पर्क करें। कागज देने वालो को उचित ईनाम दिया जायेगा।

**सम्पर्क-**
**सन्दीप गोयल पुत्र स्व0 श्री एस. पी. गोयल,** प्लाट संख्या 29-31, सैनिक विहार, ए टू जैड रोड, सहावली, मुजफ्फरनगर।
मो0 9837776671.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री नीटू कुमार पुत्र संगतराम पताः मकान नं. 27, कैलानपुर-1, जिलाः मुजफ्फरनगर पिन कोड-251327 ने सीसी सं. 919/19 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री नीटू कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री नीटू कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी सं. 919/19 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः राजेन्द्र नगर, दिल्ली **के उक्त श्री नीटू कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्रेया सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**(एनआई एक्ट)-05 सेंट्रल जिला**
**कमरा नं.02, कोर्ट बिल्डिंग एनेक्सी-01,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/523/CD/2025

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# घनी आबादी के बीच गैस गोदाम, मचा सकता है तांडव

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में घनी आबादी के बीच रसोई गैस सिलेंडर के गोदाम कई सालों से संचालित हो रहा है। इस गोदाम में एक समय में सेकड़ों से ज्यादा गैस सिलेंडर रखे रहते हैं। जरा सी चूक होने पर कभी भी खतरनाक हादसा और तांडव मचा सकता है। बड़ी बात यह है कि प्रशासनिक अमला इस मामले में पूरी तरह से बेफिक्र नजर आ रहा है।

खाद्य विभाग के आंकड़ों पर नजर डाले तो कस्बे में चार गैस एजेंसियां है और रसोई गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं की संख्या तकरीबन 70 हजार से 80 हजार के बीच है। शहर में मुख्य रूप से इंडेन गैस के डीलरों के माध्यम से सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती है। इसके अलावा होटल, ढाबा व बड़े प्रतिष्ठानों को कमर्शियल गैस सिलेंडर की भी आपूर्ति की जाती है। घरेलू और व्यावसायिक दोनों ही किस्म के सिलेंडरों को डीलरों द्वारा एक ही गोदाम में रखा जाता है। तेजी के साथ बढ़ते शहर की आबादी के साथ ही गैस सिलेंडरों के गोदाम को कस्बे के बीचों बीच रिहायशी इलाकों में बना दिया गया है। यहीं नहीं गोदामों के चारों ओर बस्ती व कालोनियों का जाल बिछा है। जबकि नियम यह है कि गैस गोदाम शहर के बाहर होना चाहिए। वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर ध्यान



नहीं दे रहे हैं। बता दे कि इंडियन गैस एजेंसी का एक गोदाम जीटी रोड के समीप सैनी नगर गुज्जर कॉलोनी में बनाया गया है। जहाँ घनी आबादी के साथ साथ सैकड़ों दुकानें है यही नही इस अवैध गैस गोदाम के ऊपर से 11 हजार की विधुत लाइन की गुजर रही है। जिसमें आये दिन फाल्ट होने से निकली चिंगारियों के कारण सिलेंडरों में आग लगने का खतरा बना रहता है जिससे नगर में बड़ा हादसा हो सकता है और कस्बे में तांडव मच सकता है। इस अवैध गैस गोदाम से नगर वासियों की जान का खतरा बना हुआ है और वही नगर वासियों ने दहशत का माहौल बना हुआ है।

### सिलेंडर को पटकना हो सकता है जानलेवा

ट्रकों और ट्रालियों से सिलेंडरों को गोदाम में ले जाने निकालते वक्त एजेंसी संचालकों के कर्मचारी ट्रक में चढ़कर भरे सिलेंडर को वाहनों से नीचे फेंकते है। सिलेंडर में खतरनाक अति ज्वलनशील गैस भरा होता है। पटकने के दौरान सिलेंडर के भीतर गैस में तेज हलचल होती है। हलचल की वजह से बाहर के तापमान के संपर्क में आने से सिलेंडर कभी भी फट सकता है।

## प्राचीन शिव मंदिर की देखरेख के लिए समिति गठित

**मीरापुर।** नगर के मौहल्ला मुश्तर्क में स्थित मराठा कालीन 600 वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर का 36 वर्षो बाद स्वामी यशवीर सिंह द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर जागरण किया गया था। इस मंदिर के संरक्षण और नियमित देखरेख के लिए मंगलवार को सत्संग भवन मीरापुर में एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्वामी यशवीर महाराज ने की।

बैठक में नगरवासियों की सहमति से 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मूलचंद शर्मा को नियुक्त किया गया। समिति का मुख्य उद्देश्य मंदिर की देखरेख, नियमित पूजा-अर्चना की व्यवस्था और धार्मिक आयोजनों को सुचारू रूप से संपन्न कराना रहेगा। बैठक के दौरान स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि यह मंदिर ऐतिहासिक और धार्मिक ख्र्ष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रतिदिन मंदिर में पूजा-अर्चना करें और शांति व समर्पण के साथ इस धार्मिक कार्य में सहयोग दें। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर को संरक्षित करने के लिए सभी नगरवासियों की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर की सफाई, पूजा सामग्री की उपलब्धता और अन्य आवश्यक कार्य समिति के मार्गदर्शन में पूरे किए जाएंगे। इसके अलावा, मंदिर में समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु अधिक संख्या में मंदिर से जुड़ सकें। इस अवसर पर रामकुमार सैनी, मंटू कौशिक, इंदर कश्यप, डॉ. प्रवीण शर्मा, ब्रज भूषण अग्रवाल, प्रदुम्न शर्मा, नवीन सैनी, नितिन गोयल, सोनू कश्यप, मंटू चौधरी, मधु शर्मा, प्रतीक सैनी आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएनडीटी एक्ट पर प्रश्नोत्तरी

**मुजफ्फरनगर।** महिला बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवम मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया के निर्देशन में ए एन एम प्रशिक्षण केंद्र, ब्लॉक परिसर सदर में पीसीपी एन डी टी एक्ट 1994 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजीव कुमार द्वारा उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। पी सी पी एन डी टी एक्ट 1994 पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में सफल प्रतिभागियों सुधा,शशि मिश्रा, इंदलेश,स्वाति, काव्या शर्मा,रचना पाठक,भूमिका,दिव्या यादव एवम स्वाति को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यशाला में सरिता, सोनी, मोहित कुमार, फोटोग्राफर सारिका एवम स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसके लिये जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

### दबंगों ने पड़ोसियों पर किया ईंटों से पथराव

**बुढ़ाना।** दरांती दिखाने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। दबंगों ने युवक को घेरकर पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। युवक को बचाने आए उसके परिवार के सदस्यों को भी ईंटो का पथराव कर दबंगों ने भागने पर मजबूर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दबंग फरार हो गये। पुलिस ने घायल युवक को हस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरु कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना निवासी आमिर उर्फ छोटू पुत्र इरशाद खान आज मंगलवार की दोपहर घर के बाहर खड़ा था। तब पड़ोसी वसीम पुत्र सलीम खान उसको दरांती दिखाने लगा और बोला कि पिछली बार तो बच गये थे अबकी बार नहीं बचोगे। तब आमिर ने वसीम की इस बात का विरोध किया तो वसीम खान ने झगडा करने के उद्देश्य से अपने सगे भाई नसीम, शाहरुख और सोना पुत्रगण साबिर, महताब पुत्र शब्बीर, चांद पुत्र महताब और मुजक्किर उर्फ काला पुत्र अवालीन आदि को मौके पर बुला लिया और आमिर को पकड़कर पीट दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आमिर को बचाने के लिए उसके परिजन आ गये तो आरोपियों ने परिजनों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा और ईंटों का पथराव कर सबको भागने पर मजबूर कर दिया। किसी की सूचना पर उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये। पुलिस ने घायल आमिर को निजी हस्पताल पहुंचाकर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी।

### राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय यूनिट का शुभारंभ

**खतौली।** विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय गंगधाडी खतौली में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एनएसएस अधिकारी डॉक्टर कविता वर्मा जी के नेतृत्व में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय यूनिट का शुभारंभ किया गया। जिसमें एनएसएस अधिकारी डॉक्टर कविता वर्मा तथा एनएसएस की तृतीय यूनिट की सभी छात्राएं मौजूद रही तथा गांव लाडपुर में संस्कृत प्रवक्ता रीना चौधरी के नेतृत्व में चल रहे प्रथम इकाई के राष्ट्रीय इकाई की राष्ट्रीय शिविर सेवा योजना में छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें अनेक छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में अनु पाल ने प्रथम स्थान और तनु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रियांशी, प्रिया, रिया, ज्योति, सलोनी, अंजू, सोनी, शिवानी, सैफाली, आदि छात्राओं का पूर्ण सहयोग रहा।

### भंडारा प्रसाद के बाद मेले का समापन

**बुढ़ाना।** खेडा मस्तान गांव में चार दिवसीय श्री हनुमान मेले का पूजा, अर्चना, भंडारा और प्रसाद के बाद आज मंगलवार की देर शाम समापन हो गया। यहां पर श्री हनुमान जी की आरती के बाद मंगलवार को श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। पूजा व आरती के दौरान ग्रामीण व बहार से आए श्रद्धालुओं की भीड रही। मंदिर कमेटी खेडामस्तान द्वारा भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद का आनंद लिया। भंडारा प्रसाद के बाद मेले का समापन हो गया। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से सोमपाल मलिक, अखिलेश कुमार, अनुज रोहिल्ला मस्ताना, मोहित कुमार, देवेंद्र मलिक और राजीव मलिक आदि सहित मंदिर कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।

### तीन को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**बुढ़ाना।** कस्बे में हो रही विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए बुढ़ाना नगर के विद्युत विभाग के जेई मनोज कुमार की ताबड़तोड़ कार्यवाही से तीन विद्युत चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। जिसमे कार्यवाही करते हुए विद्युत टीम ने आज मंगलवार की अल सुबह लगभग 5:30 बजे के करीब बुढाना तहसील के पीछे बस्ती में अभियान चलाया था। जिसमें विद्युत टीम द्वारा शाहवेज अहमद, दिलदारा और सहर अहमद के नाम प्रकाश में आये। जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। इस छापामार कार्यवाही से अन्य विद्युत चोरों में जबरदस्त हड़कंप मच गया। विद्युत जेई मनोज कुमार ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत बकायेदार अपनी सहुलियत से अपना बिल जमा कराकर विद्युत विभाग का डिफाल्टर होने से बच सकता है। ऐसे में बकायेदार इस माह फरवरी के अंत तक इस योजना का लाभ उठा सकता है। इसके बाद मार्च में किसी भी बकायेदार को बख्शा नहीं जाएगा। उसका कनैक्शन काटकर उसकी आरसी तहसील को भेजी जाएगी और उस पर नजर रखी जाएगी कि कहीं वह कनैक्शन कटने के बाद बिजली की चोरी तो नहीं कर रहा है। उन्होंने साफ कहा कि वे बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे और समय समय पर बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलता रहेगा।

### कोल्हू में आग लगने से हजारों की संपत्ति स्वाहा

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में खतौली रोड पर स्थित गन्ने के एक कोल्हू मे आज मंगलवार की सुबह अचानक से आग लग गयी। जिसमें हजारों रुपये की पत्ती और खोई जलकर राख हो गयी। यह तो गनीमत रही कि आग पर आसपास के ग्रामीणों द्वारा काबू पा लिया गया वरना कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। इस दौरान जहां काफी देर तक अफरातफरी का माहोल रहा वहीं दूसरी और आग लगने की घटना की सूचना पर तुरंत ही फायर ब्रिगेड कर्मी भी मौके पर आ गये थे। कोल्हू गांव अलीपुर अटेरना के छोटू नामक ग्रामीण का बताया गया है। आग कैसे लगी इसका पता नहीं लग पाया था।

### भाकियू आंदोलनकारी ने आमिर त्यागी व अफसार राणा को सौंपी नई जिम्मेदारी

**चरथावल।** भारतीय किसान यूनियन आंदोलनकारी के युवा प्रदेश अध्यक्ष शाकि़र मुखिया ने कस्बा निवासी आमिर त्यागी की मेहनत एवं सफलता को देखते हुए उन्हें युवा ब्लॉक मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है तथा कुल्हेडी निवासी अफसार राणा की मेहनत एवं सफलता को देखते हुए उन्हें ब्लॉक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। तथा निवेदन किया है कि वह किसान हित में कार्य करें तथा किसानों की समस्याओं को उठाकर उनका समाधान कराये। नवनियुक्त मीडिया प्रभारी आमिर त्यागी व ब्लॉक उपाध्यक्ष अफसार राणा को नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा है।

### हलवा पराठा दुकान में तोड़फोड़, मारपीट

**छपार।** बसेड़ा में संत रविदास जयंती पर लगे मेले में एक हलवा परांठा की दुकान में घुसकर आधा दर्जन युवकों ने तोड़फोड़ की। मंगलवार को मेले का समापन किया गया ओर दंगल भी नहीं हुआ। बसेड़ा में संत रविदास जयंती पर गत वर्षो की भांति मेले चल रहा था। गांव बरला निवासी इकराम ने हलवा परांठा की दुकान कर रखी है। सोमवार की रात्रि बसेड़ा निवासी संजू व अमरजीत अपने कुछ साथियों के साथ दुकान में पहुंचे। दुकानदार का आरोप है कि दुकान के किराए को लेकर कहासुनी हो गई जिसपर आरोपियों ने उनका सारा सामान बिखेर दिया। विरोध करने पर उसके साथ व पुत्र रिहान की डंडों व लात घुस्सों से पिटाई की ओर गल्ले में रखे रुपए भी उठाकर ले गये।

# सड़क हादसे में मां, पुत्र हुए गंभीर रुप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक सड़क हादसे में बाइक सवार मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गये। उनकी बाइक में अज्ञात ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर की टक्कर मारकर ट्रेक्टर सहित फरार हो गया।

दोनों घायलों को आते जाते राहगीरों की सूचना पर बुढाना पुलिस ने एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार विमलेश पत्नी ठाकुर चमन सिंह निवासी गांव सालवन जनपद करनाल हरियाणा प्रदेश आज मंगलवार की सुबह अपने गांव सालवन से अपने पुत्र रोहित सिंह के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने ननदोई ठाकुर सुरेंद्र सिंह निवासी गांव नगवा बुढाना के यहां पर कुछ काम से आ रही थी। जब दोनों मां बेटा बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव इटावा में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर केशव होटल के समीप आए तो सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रेक्टर चालक ने ट्रेक्टर की सीधी टक्कर मोटर साइकिल में मार दी और ट्रेक्टर सहित फरार होने में कामयाब हो गया। उधर ट्रेक्टर की जोरदार टक्कर लगते ही मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर सडक पर घिसटती चली गयी। जिसमें दोनों मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गये। आते जाते राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने दोनों घायलों को हस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर विमलेश को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया।

# बिजनौर अधिकारियों ने शुकदेव आश्रम मे लिया संतों का आशीर्वाद

■ एसडीएम ने बेटी के जन्मदिन पर दिलाया संतो का आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकदेव आश्रम मे पहुंचे बिजनौर एस डी एम ने बेटी के जन्मदिन एवं जिला ऑडिट अधिकारी अपने जन्मदिन के अवसर पर भागवत पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान दोनों अधिकारियों का पटका पहनाकर सम्मान किया गया।

मुजफ्फरनगर जनपद के महा. बलीपुर की बेटी रीतू चौधरी बिजनौर जनपद में उपजिलाधिकारी हैं ।तथा उनके पति जिला ऑडिट अधिकारी शुभम भी बिजनोर जनपद में तैनात



है।उपजिलाधिकारी ऋतु चौधरी ने बेटी के जन्मदिन एवं जिला ऑडिट अधिकारी शुभम ने अपने जन्मदिन के अवसर परिवार के सदस्यों भतीजी वानीव भतीजे वर्णित के साथ,श्री शुकदेव आश्रम जाकर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों का पटका पहनाकर सम्मान किया गया।उपजिलाधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि आज ही दिन उनका पीसीएस का रिजल्ट भी आया था।इसीलिए वह परिवार के साथ शुकतीर्थ आशीर्वाद लेने पहुंचे साथ ही, उन्होंने श्री शुकदेव मंदिर में पूजा अर्चना की और तीर्थ के जीर्णोद्धारक स्वामी कल्याणदेव महाराज की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# जीडी गोयनका में बच्चों का कराया गया दंत परीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा नर्सरी से तीसरी कक्षा के छात्रों के लिए एक दंत चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन पारस डेंटल केयर द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य युवा छात्रों के बीच मौखिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था। योग्य दंत चिकित्सक डॉ. सलोनी जैन ने छात्रों के दाँतों की जाँच की और जाँच के द्वारा दन्त स्वच्छता का आंकलन कर दाँतों की सड़न के शुरुआती लक्षणों के बारे में अवगत कराया व स्वस्थ दाँतों को बनाये रखने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस शिविर द्वारा न केवल दंत समस्याओं की जल्द



पहचान करने में मदद की गयी, बल्कि छात्रों और अभिभावकों दोनों को नियमित दंत चिकित्सा देखभाल के महत्व के बारे में भी शिक्षित किया। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित किये गए दन्त चिकत्सा शिविर को बखूबी सराहा और कहा कि भविष्य में इस प्रकार के शिविर आयोजित होते रहने चाहिएँ।

# राखी से खाद बनाने वाले पर हो कार्रवाई: टीटू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** लोकसभा में सांसद हरेंद्र मलिक द्वारा राखी से खाद बनाने में किये गए घोटाले को लेकर की गई मांग की लुटेरों की लूट पर लगे रोक पर खतौली के टीटू ने भी उनका समर्थन करते हुय इस लूट पर रोक लगाने की मांग की। यही नही टीटू ने भाजपा के एक पूर्व मंत्री पर भी फर्जी तरीके से उनकी प्रोपर्टी को हथियाने के प्रयास का भी आरोप लगाते हुय शासन से कार्रवाई की मांग की है। टीटू की इस मांग के बाद राजनीति में भूचाल गया है।

मंगलवार को खतौली निवासी क्षेत्रीय विकास मंच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजबीर सिंह टीटू ने मीडिया से वार्ता करते हुय विगत दिनों सपा सांसद हरेंद्र मलिक द्वारा लोकसभा में लुटेरों पर लगे रोक की मांग को लेकर उठाई गई आवाज का समर्थन करते हुय राजबीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने भी मीडिया सामने सांसद की मांग का समर्थन करते हुय करोडों रुपए का घोटाला करने वाले लुटेरे नेताओं पर रोक लगाकर सरकार से ऐसे नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। राजबीर सिंह ने चेतावनी देते हुय कहा कि जनता के हितों की रखी बात लुटेरे हुए बेनकाब लुटरे छोड दे। चोर उचकके फुकरे जेब कतरे चोर डाकुओ के लिए अच्छा नही होगा। वही दूसरी और राजबीर सिंह ने अपनी आप बीती बताते हुय पूर्व भाजपा मंत्री पर आरोप लगाते हुय बताया कि उक्त नेता ने उनके साथ जालसाजी कर उसकी पत्नी के फर्जी हस्ताक्षर कर उसकी सारी प्रोपर्टी को कब्जाने का प्रयास किया था जब उनके द्वारा कार्रवाई की गई तो उसकी करोड़ों की प्रॉपर्टी बच गई। राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने इस घटना को लेकर नाराजगी प्रकट करते हुए सरकार से ऐसे मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा की इस का उनके द्वारा नगर में होर्डिग बोर्ड लगाकर कड़ा विरोध किया जाएगा।

# फेडरेशन भवन में उद्यमियों ने किया क्षेत्रीय प्रबंधक का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के फेडरेशन भवन पर यूनियन बैंक आफ इण्डिया के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें फेडरेशन के अध्यक्ष अंकित संगल मुख्य अतिथि रहे व पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष नील कमल पुरी गैस्ट आफ ऑनर रहे। साथ ही यूनियन बैंक से क्षेत्रीय प्रमुख राजीव रंजन व उपक्षेत्री प्रमुख योगेश सिंह व अश्वनी कुमार शर्मा, बिजनेस हैड एनएसआईसी देहरादून उपस्थित रहे।

फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष नीलकमल पुरी, पूर्व अध्यक्ष अंकुर गर्ग, पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पूर्व सचिव मनीष अग्रवाल, सचिव अभिनव स्वरूप व यूनियन बैंक के एमएलपी प्रमुख अनुज शर्मा, यूएमएफबी शाखा प्रमुख पवन शर्मा, आरएलपी प्रमुख मौद्द आबिद




द्वारा दीप प्रज्जवल किया गया। यूनियन बैंक की ओर से अंकिता शर्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया जिसमें एमएसएमई से जुडे उद्योगो को अधिकतम लिमिट 50 करोड रूपये क्रेडिट सुविधा तथा 5 करोड तक के ऋण पर मिलने वाले कोलेट्रल सिक्योरिटी में रिलेक्सेशन के बारे में विस्तार से बताया। पवन शर्मा ने बताया कि लागू प्रोसेसिंग शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट आदि से अवगत कराया। एनएसआईसी के बिजनेस हैड अश्वनी शर्मा ने एमएसएम की योजनाओं के बारे में बताया। बैठक में मुख्य रूप से अरविन्द गुप्ता कोषाध्यक्ष, श्रेय जैन सहसचिव, योगेश कुमार, सुशील त्यागी, आशीष तायल, राज शाह, सुनील कुमार गोयल, दीपक मित्तल, अर्पित गोयल, विवेक गोयल, अमित वर्मा, उमंग वशिष्ठ, सागर वत्स, अरूण खोसला, लोकेश तायल आशीष बंसल, शाह नजर सन्नीश आदि अनेक उद्यमी उपस्थित रहे।

# गन्ना मूल्य न बढ़ाये जाने से किसानों में नाराजगी : सचिन चौधरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गन्ना मूल्य न बढाये जाने पर किसान सरकार से बेहद नाराजगी व्यक्त करते हुय सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने और गन्ने का रेट बढ़ाने की मांग की है साथ ही किसानों ने सरकार को आगामी चुनावों में इसका जवाब किसान देने की चेतावनी दी है।

इस बार भी योगी सरकार द्वारा गन्ने के भाव न बधाई जाने पर किसानों ने सरकार के प्रति नाराज की व्यक्त की है। मंगलवार को रायपुर नंगली में किसान नेता सचिन चौधरी के निवास स्थान पर आयोजित बैठक में मौजूद सैकड़ों किसानों ने गन्ना मूल्य न बढ़ाये जाने पर सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्यक्त किया है बैठक में बोलते हुय किसान नेता सचिन चौधरी ने कहा की इस बार भी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में वृद्धि न कर साबित कर दिया है कि सरकार को किसानों की कोई चिंता नही है, सरकार में शामिल और पहले किसानों की लडाई में संघर्षरत रहने वाली रालोद पार्टी भी आज चुप है,यह सरकार सिर्फ पूंजीपतियों का हित साधने में ही लगी है,जब यह वर्तमान की सरकार सत्ता से बाहर थी तो सडकों पर बैठकर आंदोलन कर 450 रूपये प्रति क्विंटल का मूल्य मांगती थी। लेकिन आज केन्द्र और राज्य दोनों भाजपा की सरकार है अगर अब भी अपनी सरकार में यह सरकार गन्ना मूल्य में वृद्धि न करे सके तो सरकार के खिलाफ किसान आंदोलन करने को मजबूर होगा और आगामी चुनाव में सरकार को किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। बैठक में दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# बीएसएफ में नौकरी लगवाने के नाम पर आठ लाख हड़पे

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** चार दोस्तों ने एक युवक को अपने जाल में फसाकर उससे बीएसएफ में नोकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए हड़प लिए। पीड़ित युवक ने कोतवाली पहुँच चारों युवकों के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर लेने के बाद उक्त चारो ठगों की तलाश शुरू कर दी है। ठगी की घटना के बाद युवक के परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।

खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी सागर पुत्र बनारसीदास ने कोतवाली पर तहरीर देते हुय बताया कि उसे चार युवकों आदित्य, मोहित निवासी भुटा बाईपास अलीगढ़ और पुखराज, आशु निवासी मंडावली आनंदविहार दिल्ली उससे दिल्ली में मिले जहां उन्होंने उसकी बीएसएफ में नोकरी लगवाने की बात कहते हुय आठ लाख रुपए की मांग की। जिसके बाद वह उक्त युवकों के झांसे में आकर उक्त युवकों को दो किस्तों में 5 लाख 50 हजार नकद और दो लाख 50 हजार रुपए ऑनलाइन दे दिए थे। लेकिन युवकों द्वारा उसकी नोकरी नही लगवाई गई। जिसके बाद युवको से अपने रुपए वापिस मांगे तो उन्होंने रुपए देने से साफ इंकार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुय कार्रवाई कर उसके ठगे हुय रूपए वापिस दिलाने की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेने के बाद उक्त चारों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। नोकरी के नाम पर ठगी की इस घटना के बाद युवक के परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।

## छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय की एनएसएस की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास हेतु शिक्षा साक्षरता के अन्तर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रारम्भ ग्राम सुहागपुर में किया गया। जिसे महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# शिवम उपाध्याय की मौत की निष्पक्ष जांच करे पुलिस: मनीष चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** चार दिन पूर्व रेलवे लाइन पर मृत पाये गये ब्राह्मण समाज के युवक शिवम उपाध्याय की मौत के प्रकरण में पीड़ित परिवार की आवाज को ताकत देने के लिए राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कमर कस ली है। परिवार के लोगों ने उनसे मुलाकात कर अपनी पीड़ा रखी तो उन्होंने इंसाफ दिलाने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन देने के साथ ही हाथों हाथ थाना प्रभारी से मामले की जांच कराने की मांग की और पुलिस ने परिवार के लोगों से मिलकर छानबीन शुरू करते हुए कार्यवाही का भरोसा दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष चौधरी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि 14 फरवरी की शाम को ब्राह्मण समाज के युवक शिवम की थाना सिविल लाइन क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लाश मिली थी। इस मामले में पीड़ित परिवार को संदेह है कि युवक की हत्या की गई है। इसी को लेकर वो पुलिस से जांच की मांग कर रहे है, लेकिन पुलिस इसमें उनकी कोई मदद नहीं कर रही थी। पीड़ित परिवार की समस्या को हमने थाना प्रभारी तक पहुंचाया और इसमें कार्यवाही तथा जांच की मांग की है। उन्होंने सूजडू चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार को भेजकर मामले की छानबीन शुरू कराई है। हमारी मांग है कि परिवार के संदेह के आधार पर मृतक की बाइक और अन्य सामान पुलिस बरामद करे तथा उसकी मौत की सच्चाई सामने लाये। इसमें यदि पुलिस कार्यवाही नहीं करती है तो हम पीड़ित परिवार के साथ आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। मामला एसएसपी और दूसरे आला अधिकारियों तक भी हम लेकर जायेंगे।

इस दौरान मृतक शिवम के भाई राजदीप पुत्र अशोक उपाध्याय ने मीडिया को दी जानकारी में बताया कि 14 फरवरी को रेलवे लाइन संधावली अंडर पास पर उनके भाई शिवम का



शव मिला था। वंदे भारत ट्रेन से दुर्घटना में शिवम की मौत होने का दावा पुलिस कर रही है। पुलिस आत्महत्या बता रही है, लेकिन उनके भाई की हत्या की गई है। शिवम की बाइक, बैग नहीं बरामद हुई है।

उसका मोबाइल फोन भी नहीं मिला है। हमने थाने जाकर इस सम्बंध में शक के आधार पर अपनी तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की, लेकिन थाना प्रभारी ने धमकाकर भगा दिया। हम चाहते हैं कि शिवम की मौत की गहनता से निष्पक्ष जांच की जाये, ताकि सच्चाई परिजनों को पता चल सके और उकसी बाइक तथा अन्य सामान भी पुलिस बरामद करे। हमें शक है कि शिवम की हत्या लूट करने के इरादे से की गई है। पुलिस कोई सुनवाई नहीइं कर रही थी तो हमने प्रसिद्ध समाजसेवी मनीष चौधरी से आकर अपनी पीड़ा को रखा और आज उन्होंने पूरी मदद की तो पुलिस वालों ने आकर हमसे घटना के सम्बंध जानकारी ली और छानबीन शुरू कर दी है। हम चाहते हैं कि इसमें हमारी तहरीर पर रिपोर्ट भी दर्ज की जाये। इस दौरान मुख्य रूप से प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी, गगनदीप उपाध्याय, अमरजीत, ब्रजेश दूबे, जगदीश, गोविन्द, रमाशंकर, शुभम, नित्य कुमार, कृष्णा, लवकुश, लोकेश, गोपाल शर्मा, राजदीप, गगनदीप, अशोक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**देवबन्द।** विवाहिता आरती की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। आरती का शव कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला था। हुलाशगढ़ गांव में 13 फरवरी को 23 वर्षीय आरती का शव कमरे में पंखे से फंदे पर लटका मिला था। ग्यारह माह पूर्व शादी बिट्टू के साथ हुई थी। नागल थानाक्षेत्र के नगली मेहनाज निवासी अनिल ने पुलिस को तहरीर देकर दामाद और बेटी के ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में पति बिट्टू, सास उर्मिला, देवर सचिन और अरूण के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी घटना वाले दिन से ही फरार थे। मंगलवार को पुलिस ने रास्तम नहर की पुलिया के समीप से बिट्टू को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही।

# एससी/एसटी आयोग के सदस्य ने दलित बस्तियों का किया भ्रमण

आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि का पूर्व सभासद राजकुमार जाटव के आवास पर शॉल ओढ़ाकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एससी/एसटी आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि मंगलवार को देवबंद पहुंचे। उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ दलित बस्तियों का भ्रमण कर उनकी समस्याओं की जानकारी लेने के बाद समाधान कराये जाने का आशवासन दिया।

रविदास मार्ग स्थित पूर्व सभासद राजकुमार जाटव के आवास पर महीपाल वाल्मीकि का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही कोरी समाज के लोगों ने पगड़ी व शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। इसके उपरांत एससी/एसटी आयोग के सदस्य महीपाल नगर पालिका पहुंचे और यहां सफाईकर्मियों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया। दलित बस्ती जाटव नगर और रविदास मार्ग का निरीक्षण किया और लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान पूर्व सभासद राजकुमार जाटव ने आयोग के सदस्य को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि जब से फोरलेन सडक निर्माण हुआ है तब से सडक ऊंची उठाए जाने के कारण रविदास बस्ती गहराई में पहुंच गई है। इससे जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता, पालिका के ईओ धीरेंद्र राय, यशपाल सिंह, प्रवीण कुमार, पोपिन कुमार, पालेराम जावट आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार धर्म व जातिवाद को दे रही बढ़ावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पूर्व विधायक मनोज चौधरी ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार धर्म व जातिवाद को बढ़ावा दे रही है। जबकि सपा दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यकों समेत सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। प्रदेश में आने वाला समय सपा का होगा।

सपा के पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम के तहत गांव रणसुरा में हुई जनसभा में पूर्व विधायक मनोज चौधरी ने कहा कि सपा सरकार में सभी वर्ग के लोगों का विकास होता था। लेकिन वर्तमान सरकार केवल अपनों का उद्धार करने में लगी है। कहा कि भाजपा सरकार में देवबंद में कानून व्यवस्था चौपट है। गरीब और असहाय लोगों की जमीनों पर भू माफिया बेखौफ होकर कब्जे कर रहे हैं। कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार आते ही देवबंद की जनता को टोल में राहत देने का काम किया जाएगा। प्रदेश सचिव मजाहिर हसन मुखिया ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश की



जनता अखिलेश यादव को पूर्ण बहुमत से मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगी। जिलाध्यक्ष अब्दुल वाहिद ने कहा कि भाजपा ने अपने आठ साल के कार्यकाल में केवल सपा सरकार द्वारा कराए गए कार्यों और योजनाओं के नाम बदलकर जनता को भ्रमित करने का काम किया है। अध्यक्षता योगेंद्र राणा और संचालन शेर सिंह ने किया। गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष दिलशाद गौड़, नवाब सिंह यादव, फुरकान त्यागी, प्रदीप चौधरी, विपिन त्यागी, मुकेश त्यागी, अमरीश त्यागी, आशु राणा, वाहिद कुरैशी, सुलेमान, मोहम्मद रिजवान आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में पुत्रवधू की मौत

**देवबन्द।** वरिष्ठ समाजसेवी जमाल नासिर उस्मानी की पुत्रवधू की सड़क हादसे में हुई मौत पर सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के लोगों और समाजसेवियों ने गहरे दुख का इजहार किया है। बिहारीगढ़ के मोहंड में सोमवार को हुए सड़क हादसे में जमाल नासिर उस्मानी के बेटे समीर उस्मानी घायल हो गए। जबकि पुत्रवधू अना शरीफ की मौत हो गई थी। देर रात्रि उन्हें सुपूर्द-ए-खाक किया गया। पूर्व विधायक माविया अली, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, हिंदू मुस्लिम भाईचारा समिति के अध्यक्ष सलीम कुरैशी, सेठ कुलदीप कुमार, डॉ. अनवर सईद, डॉ. कमरुज्जमा कुरैशी, डॉ. अख्तर सईद, अंसार मंसूदी, नजर फाउंडेशन के अध्यक्ष नजम उस्मानी, पालिका सभासद हैदर अली, विनोद गुप्ता, चौ. सुखपाल सिंह आदि ने गहरा दुख जताया है।

# अधिवक्ता ने पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अधिवक्ता के साथ मोबा. इल खरीदने के दौरान दिए गए दस्तावेजों का दुरुपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। अधिवक्ता ने नकद रुपये देकर मोबा. इल खरीदा और अब फाइनेंस कंपनी उससे रकम वसूल रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बन्हेडा खास निवासी अधिवक्ता मो. वसीम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 26 अक्तूबर 2024 को वे फाइनेंस पर मोबाइल खरीदने के लिए मेन बाजार स्थित एक मोबाइल शॉप पर पहुंचे। जहां दुकानदार ने सभी दस्तावेज लेकर सिबिल चौक कर मोबाइल फाइनेंस होने से इन्कार कर दिया। जिसके चलते उन्होंने 16 हजार रुपये नकद देकर मोबाइल खरीद लिया। मो. वसीम का आरोप है कि दो माह बाद बैंक खाते से पैसे काटे गए और खाते के माइन्स में होने पर कंपनी ने मोबा. इल बंद कर दिया। जानकारी करने पर पता चला कि जो मोबाइल नकदी में खरीदा गया उस पर फाइनेंस किया गया है। किस्त अदा न करने पर मोबाइल बंद कर दिया गया। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# भाकियू पदाधिकारियों का किया स्वागत

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) की बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए नगर के कई लोगों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

स्थानीय कार्यालय पर हुई बैठक में संगठन के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष कारी रिजवान त्यागी ने जहांगीर आलम को ब्लाक अध्यक्ष, सुहैल सिद्दीकी को नगर युवा अध्यक्ष, मोहम्मद आतिफ को तहसील युवा अध्यक्ष, मोहम्मद आसिफ को युवा नगर महामंत्री, मोहम्मद नजीमुद्दीन को तहसील अध्यक्ष, मोहम्मद सईद को नगर सचिव के पद पर मनोनीत किया। कारी रिजवान त्यागी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए युवा कार्यकर्ताओं को आगे आना होगा तथा किसान व मजदूर हितों के लिए संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा



कि भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) हमेशा किसानों और आम जनता की आवाज को बुलंद करता आया है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# स्कूली बस दुकान में घुसी

**स्योहारा।** सोमवार की सुबह स्कूल की बस में सवार होकर गांव से स्कूल जा रहे मासूमों में उस समय चीख पुकार मच गई जब बस एक दुकान में जा घुसी। घटना में कुछ बच्चे मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय एमएम स्कूल में लगी बस आज सुबह ग्राम रेनी से बच्चों को स्कूल परीक्षा दिलाने आ रही थी। बताया जा रहा है कि बस चालक की लापरवाही से बस सड़क किनारे स्थित एक परचून की दुकान में जा घुसी। हालांकि उस समय दुकान पर भी कोई ग्राहक आदि नहीं था, जिसके चलते एक बड़ा हादसा होने से बच गया। लेकिन बस में सवार तीस बच्चों में से मोहिनी पुत्री अतुल विश्नोई, गौरी शर्मा पुत्री आशु शर्मा व अन्य कुछ और बच्चे भी मामूली चोटिल बताए जा रहे हैं।

# कॉलेज के चेयरमैन डा. अजीम उल हक की माता महरूनिसा को नम आंखों के साथ किया सपुर्देखाक

**देवबन्द।** इस्लामिया ग्रूप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डा. अजीम उल हक की माता महरूननिसा का अचानक इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की सूचना से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते उनके आवास पर श्रद्धाजलि अर्पित करने वालो का तांता लग गया।

इस्लामिया इण्टर कॉलेज के प्रबंधक स्व. इकराम उल हक की पत्नी व इस्लामिया ग्रूप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डा. अजीम उल हक की माता महरूननिसा का सुबह अचानक इंतकाल हो गया उनके इंतकाल की खबर जेसे ही नगर में फैली उनके मौहल्ला अबुल माली स्थित आवास पर श्रद्धाजलि अर्पित करने वालो का तांता लग गया। बाद नामाज ए जौहर महरूननिसा की नामाज ए जनाजा दारूल उलूम के अहता मोलसरी में दारूम उलूम के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नौमानी द्वारा अदा कराने के बाद क़ासमिया कब्रिस्तान में नम आँखो के साथ सपुर्देखाक कर दिया गया। नामाज ए जनाज़ा में जामिया तिब्बिया के सचिव डा. अनवर सईद, पूर्व विधायक माविया अली, स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन साद सिद्दीकी, फैजान हॉपिटल के प्रबंधक अहमद सिद्दीकी, डा. सलीमउर्रहमान, मुस्लिम फण्ड के प्रबंधक सुहैल सिद्दकी, ख्याती शायर डा. नवाज़ देवबन्दी, पूर्व चेयरमैन इनाम कुरैशी, वकील अहमद, अनवर पाशा, मुज़म्मिल कमर, शाहबाज़ सिद्दकी हादी खां एड., तहसीन खां एड., फहीम नंबरदार, हाजी रिहान उल हक, शमीम मुर्तज़ा फारूकी, सपा नेता हैदर अली, सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, जमाल अंसारी आदि परिजन व नगरवासी शामिल रहे।

# श्रम विभाग छुपा रहा साप्ताहिक बंदी के दिन दुकान खोले जाने के नियमों की जानकारी

■ व्यापारी नेता संजय मित्तल ने डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रम विभाग के अधिकारियों ने डीएम से साप्ताहिक बंदी के नियमों का सख्ती से पालन करने का आदेश तो पुलिस विभाग के लिए जारी करा लिया, लेकिन हैरत की बात है कि श्रम विभाग ने इस नियमों की जानकारी छुपा रखी है कि उत्तर प्रदेश शासन के नवीनतम आदेशों के तहत साप्ताहिक बंदी के दिन कोई भी व्यापारी अपना प्रतिष्ठान शर्तों का पालन करते हुए खोल सकता है। मुजफ्फरनगर अच्छा और खंड सारी संगठन के अध्यक्ष व्यापारी नेता



संजय मित्तल ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी करें कि वह नियमों के तहत व्यापारिक प्रतिष्ठान खुलवाने की जानकारी व्यापारी समाज को उपलब्ध कराए।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कि उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में कुछ संशोधन किए गए हैं जिसमें कुछ शर्तों के साथ अधिक शुल्क जमा करने पर साप्ताहिक बंदी में दुकान खोले जाने पर किसी भी प्रकार का जुर्माना आदि की कार्रवाई नहीं की जा सकती है मगर इसके लिए व्यापारियों को सरकार द्वारा बनाए गए कानून के अंतर्गत ही यह साप्ताहिक बंदी से छूट मिल सकेगी इससे दुकानदारों को काफी राहत मिलेगी जानकारी के अनुसार दुकानदारों को निवेश मित्र पोर्टल पर अपने अधिष्ठान के स्थिति के हिसाब से ऑप्शन चयन कर पंजीयन करना होगा पंजीयन के बाद निर्धारित धनराशि जमा करने के बाद उन्हें मिलने वाले प्रमाण पत्र के आधार पर साप्ताहिक बंदी के दिन अधिष्ठान खोले जा सकेंगे नए नियमों के अनुसार दुकानदारों को एक मुश्त शुल्क जमा करना होगा पंजीयन की बार-बार नवीनी करण की आवश्यकता नहीं होगी। निर्धारित दुकानो व वाणिज्य अधिष्ठान की शुल्क दरे। 1 से 5 कर्मचारी नियोजन 2250/- व 4500 रुपए, 6 से 10 कर्मचारी नियोजन 4500 /-व 6000, 11 से 15 कर्मचारी नियोजन 7500 व 15000, 25 कर्मचारियों से अधिक 15000 में 30000, व्यापार मंडल द्वारा लगातार सरकार से मांग की जा रही थी इस पर सरकार ने संज्ञान लेते हुए सरकार ने यह निर्णय लागू किया है अब निर्धारित शुल्क का 1. 5 गुना शुल्क जमा कर साप्ताहिक बंदी राहत मिलेगी अगर वन टाइम फीस 2200 रुपए है तो 3300 जमा करने होंगे अब किसी भी व्यापारी को पंजीयन के लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है दुकानदार या वाणिज्य अधिष्ठान सीधे निवेश मित्र पोर्टल पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं इस संबंध में जिलाधिकारी से भी वार्ता की जाएगी श्रम अधिकारी को भी जिलाधिकारी के संज्ञान में पूरे तथ्य लाने चाहिए थे जिससे बाजारों में डर का माहौल उत्पन्न नहीं होता अगर व्यापारीयो को सरकार द्वारा साप्ताहिक बंदी में कानून के हिसाब से छूट दी हुई है तो वह कानून सार्वजनिक होने चाहिए श्रम विभाग की इतनी अच्छी-अच्छी योजनाएं हैं जो बिना प्रचार के व्यापारियों को उनका लाभ नहीं मिल पाता है इस और भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

## युवा पीढ़ी में नशे की लत बढ़ती जा रही: मौलाना सिराजुद्दीन

**राजा का ताजपुर।** ईदगाह रोड के पास शिब्ली पब्लिक स्कूल में जमाअते इस्लामी हिन्द की तरफ से नशा मुक्ति अभियान चलाया गया।

जमाअते इस्लामी के सदर शिब्ली पब्लिक स्कूल के संरक्षक हजरत मौलाना सिराजुद्दीन नदवी ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि नशा इंसान को बर्बाद कर देता है। आज नौजवान युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है। अगर नौजवानों ने नशा नहीं छोड़ा तो आने वाला वक्त हमारे बच्चों का बहुत खराब होने वाला है।

# स्वतंत्रता सेनानी चौ. रतिराम को दी श्रद्धाजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वतंत्रता सेनानी एवं केएल जनता इण्टर कॉलेज के सदस्य चौ. रतिराम के निधन पर शोकसभा का आयोजन कर उन्हे श्रद्धाजलि अर्पित की।

केएल जनता इण्टर कॉलेज में शोकसभा का आयोजन कर चौ. रति. राम को श्रद्धाजलि अर्पित की श्रद्धाजलि देने वालो में कॉलेज के प्रबंधक दीपक राज सिंघल, प्रधानाचार्य राज कुमार, सेठ कुलदीप कुमार, सरवन सिंघल, अनुपम एडी., देवी दयाल शर्मा एडी., महिंद्र गिर्धर शामिल रहे।

# कुष्ठ रोगियों को कम्बल वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** फव्वारा चौक स्थित भाजपा नेताओं ने कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों को कंबल वितरण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. विनीत देवरा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, भाजपा सभासद मोहम्मद अकरम अल्वी एवं अन्य लोगों द्वारा कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों को कंबल वितरण किया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. विनीत देवरा ने बताया कि हर वर्ष यह प्रयास किया जाता है कि कुष्ठ रोगियों को कुछ राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल एवं दवाई व अन्य तमाम चीजों का समय-समय पर वितरण का कार्य किया जाता है, जिससे कुष्ठ रोगियों को कुछ राहत मिल सके। वहीं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर एवं डॉ. विनीत देवरा ने सभी कुष्ठ रोगियों की समस्याओं को सुना। कुष्ठ रोगियों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए बताया कि कुष्ठ आश्रम की जो दुकाने हैं उन पर जो किराएदार हैं वह समय पर किराया नहीं दे पा रहे हैं। दो-दो साल तक किराया नहीं देते हैं और उनसे किराए को कहते हैं तो दबंगई दिखाते हैं। हमें हमारे साथ बदतमीजी करते हैं।

# चेयरपर्सन ने रिकॉर्ड रूम में पकड़ा बाहरी कर्मचारी

## निरीक्षण में गैर हाजिर मिले दो कर्मचारी, मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने दस्तावेजों का रखरखाव करने वाले रिकॉर्ड रूम में बाहरी कर्मचारी को कार्य करते हुए पकड़ा। रिकॉर्ड रूम में पहले बिना आदेश के एक कर्मचारी को कार्य करते पकड़ा गया तो रिकॉर्ड रूम लिपिक को सख्त हिदायत दी गई, लेकिन इसके बाद भी रिकॉर्ड रूम में लापरवाही और मनमानी का पूरा आलम कायम है। अब इससे नाराज चेयरपर्सन ने रिकॉर्ड रूम लिपिक को नोटिस जारी करते हुए रिकॉर्ड रूम की गोपनीयता को भंग करने के आरोप में उनसे स्पष्टीकरण तलब करते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी है।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप सोमवार को दोपहर बाद टाउनहाल के औचक निरीक्षण के लिए पहुंची थीं। कर विभाग के निरीक्षण में बीसी शोभित कुमार और वसीम अहमद कार्यालय से अनुपस्थित मिले। दोनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के साथ ही जनता से जुड़े कार्यों को निर्धारित समय सीमा मे पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। रिकॉर्ड रूम में निरीक्षण के दौरान लिपिक तनवीर आलम के अलावा तीन अन्य व्यक्ति मौजूद मिले। चेयरपर्सन ने जानकारी की तो पता चला कि दो व्यक्ति अपने भवन की नकल लेने के लिए आये थे, जबकि एक व्यक्ति कक्ष में कार्य करता हुआ पाया गया। युवक से जानकारी की तो बताया कि रिकॉर्ड लिपिक तनवीर आलम ने उसको प्राइवेट तौर पर अपने सहयोग के लिए रखा है।

उन्होंने तत्काल ही बाहरी युवक को रिकॉर्ड रूम से बाहर निकलवाया और तनवीर आलम के आचरण के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। तनवरी आलम ने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए कार्य कराने की बात कही। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि मनमाने ढंग से किसी बाहरी व्यक्ति को रखकर कार्य कराया जाना गंभीर प्रकरण है। रिकॉर्ड पालिका की अमूल्य सम्पत्ति है और सौ वर्ष से पुराना रिकॉर्ड यहां हैं। ऐसे में उसके खुर्द-बुर्द होने और कूटरचित दस्तावेज बनाने के साथ ही गोपनीयता भंग होने की संभावना है, इसी को लेकर तनवीर आलम से जवाब तलब किया गया है। नोटिस में उन्होंने लिपिक तनवीर को निलम्बित करने की चेतावनी भी दी है।

इस दौरान सभासद राजीव शर्मा, देवेश कौशिक, बबीता वर्मा, रविकांत शर्मा के अलावा ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार और सीएसएफआई योगेश कुमार भी मौजूद रहे।

# सकल जैन युवा संगठन ने किया प्रदर्शन

■ कैलाश पर्वत से मूर्तियों चोरी होने पर जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हस्तिनापुर के कैलाश पर्वत जैन मंदिर से अष्टधातु की प्राचीन मूर्तियों की चोरी होने की घटना से जैन समाज में आक्रोश बना हुआ है। समाज के लोगों ने चोरी की घटना का खुलासा न होने और प्रतिमाओं की बरामदगी नहीं होने पर रोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री से मामले का संज्ञान लेकर चोरी गई मूर्तियों और अन्य सामान बरामद कराने की गुहार की है।

मंगलवार को सकल जैन युवा संगठन के पदाधिकारियों के साथ जैन समाज के युवा कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए हस्तिनापुर स्थित कैलाश पर्वत जैन मंदिर परिसर में हुई चोरी की घटना को लेकर कड़ी नाराजगी प्रकट की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। सकल जैन समाज की भावनाओं को सामने रखते हुए इस ज्ञापन में कहा गया है कि 13 फरवरी को जैन समाज के आसिा के प्रमुख केन्द्र व प्रसिद्ध तीर्थ हस्तिनापुर में कैलाश पर्वत पर स्थित जैन मंदिर से दो अष्टधातु की मूर्तियों के साथ ही सोने चांदी के छत्र और सिंहासन तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया है। भी तक भी मेरठ जनपद की पुलिस और प्रशासन इस चोरी की घटना को खोल नहीं सका है। यहां तक की कोई गिरफ्तारी भी नहीं की गई।

इससे जैन समाज में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कि जैन समाज के इस तीर्थ के संरक्षण और सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है और ऐसी घटनाओं के होने तथा उनका खुलासा तक नहीं होने से जैन समाज में अपने तीर्थ की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति चिंता पैदा हो रही है।

सकल जैन युवा संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि हस्तिनापुर जैन मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी, चोरी हुई मूर्तियों और सामान की बरामदगी, आरोपियों पर रासुका लगाने की कार्यवाही के साथ ही जैन समाज के सभी तीर्थ की सुरक्षा सरकार द्वारा उचित प्रबंध के साथ कराई जाये।

# मासूम बच्चे सहित विवाहिता लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिव चौक पर बीमार बच्चे को लेकर भगवान भोले की पूजा अर्चना करने आई महिला अचानक लापता हो गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बरामदगी की मांग की है। महिला का मोबाइल भी बंद आ रहा है और अब लोकेशन गाजियाबाद की बताई जा रही है। छपार क्षेत्र के निवासी अक्षय मेहनत मजदूरी करता है। बताया जाता है कि कई रोज से अक्षय का ढाई महीने का बेटा बीमार चल रहा है। मंगलवार को वह अपनी पत्नी वर्षा के साथ बच्चे को दिखाने के लिए छपार से शहर के लिए आए थे। शहर आने के बाद पत्नी वर्षा से अक्षय से कहा कि वह भगवान शिव की पूजा अर्चना करना चाहती है इसलिए बाजार से लड्डू खरीद लाओ। अक्षय अपनी पत्नी को शिव चौक के पास खडी कर लड्डू लेने के लिए चला गया। जब वह वापस लौटा तो महिला मासूम बच्चे सहित गायब थी। युवक ने काफी देर तक पत्नी को इधर-उधर तलाश किया। इधर-उधर खडेलोगो से भी पत्नी के बारे में पूछा। इतना ही नहीं अक्षय ने पत्नी को फोन भी मिलाया, लेकिन फोन बंद आने लगा। पीड़ित पत्नी के साथ अनहोनी की आशंका को लेकर कोतवाली पुलिस को मिला और पूरी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत ही इस मामले में कार्यवाही शुरू की। पीड़ित ने कहा कि उसकी शादी गतवर्ष हुई थी। और किसी बात को लेकर पती-पत्नी में हलका मन-मुटाव भी चल रहा था और वह आज दवाई लेने के लिए आया तो उसकी पत्नी गायब हो गई। पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। बताया जाता है कि पत्नी मीनाक्षी चौक की ओर अकेली जाती दिखाई दे रही है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जिस समय पत्नी का फोन आया तो उसने अक्षय से कहा कि वह अपना मुकद्दर संवार ले और फोन काट दिया। पुलिस ने तुरंत ही छानबीन की तो मोबाइल का लोकेशन गाजियाबाद का आया। यह भी सामने आया कि अभी तक महिला मयके नहीं पहुंची।



मुजफ्फरनगर: जैन समाज का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने पहुंचा।

# सरकार की गलत नीतियों से देश शर्मसार: अखिलेश

## राष्ट्रीय सचिव चौ. रूद्रसैन की बेटी के शादी समारोह में शामिल हुए सपा सुप्रीमो, दिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार की गलत विदेश नीति के कारण आज हमारे देश को शर्मसार होना पड़ रहा है।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव आज यहां राष्ट्रीय सचिव चौधरी रूद्रसेन की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता करते हुए केंद्र सरकार की विदेश नीति पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत का विश्व में अपना एक महत्व है। उन्होंने बताया कि वह यूके में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गए थे जिसमें वर्तमान के मंत्री भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान वहां के विदेश मंत्री एवं योजना मंत्री ने भारत के लोगों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत के लोगों ने अपनी योग्यता के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी



हासिल की है। कुछ भारतीय कई मल्टीनेशनल कंपनी के सीईओ तक बने हुए हैं, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार की विदेश नीति के कारण आज भारत को शर्मिंदा होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे ताकतवर देश आज भारतीयों को बेड़ियां डालकर शर्मसार कर रहा है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार की विदेश नीति को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर ऐसा कर रही है ताकि हिंदू मुस्लिम की चर्चा चलती रहे और लोग मूलभूत समस्याओं पर चर्चा न कर सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गन्ना

**■ कहा-बजट पर सरकार की कोई नीति और योजना नहीं**

मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की है और साथ ही युवाओं को भी रोजगार नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय में वृद्धि करने के दावे करती है, लेकिन वृद्धि कैसी होगी। इस पर कोई योजना नहीं बनाई गई है। किसान परेशान है, युवा बेरा. ेजगार है लेकिन सरकार की नीति क्या है सरकार इस पर कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। उन्होंने बजट पर कहा कि केंद्र सरकार के बजट से जो उम्मीद की गई थी, वैसा बजट प्रस्तुत नहीं किया गया है और उत्तर प्रदेश के बजट में भी कुछ ऐसा ही होने वाला है क्योंकि सरकार की कोई योजना और नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार हर तरफ से पूरी तरह विफल साबित हो रही है।

# सपा सुप्रीमो ने विधायक उमर अली के आवास पहुंचकर जाना उनकी माता का हाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बेहट विधायक उमर अली खान के घर पहुंचकर उनकी माता नवाब पठेड की बेटी का स्वास्थ्य का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

अखिलेश यादव आज सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौ. रूद्रसैन की बेटी की शादी में शरीक होने के बाद बेहट विधायक उमर अली खान के घर पहुंचे। उन्होने यहां उमर अली खान से मंत्रणा करने के साथ ही उनकी माता नवाब पठेड की बेटी के स्वास्थ्य के बारे में जाना। इस दौरान कैराना सांसद इकरा हसन, देहात विधायक आशु मलिक, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, पूर्व विधायक माविया अली, मनोज चौधरी, पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, फरहान खान, अली खान, राव मौहम्मद, राव मुर्शीद, विधानसभा अध्यक्ष रागिब अली, मैनपाल चौधरी, किरणपाल राणा, अब्दुल जब्बार, मन्सूब मलिक, प्रवेज मलिक, जुनैद गाडा, उसामा गाडा, दिनेश चौधरी मौजूद रहे।

# सहयात्री भी पहने हैलमेट: डीएम

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी शासकीय एवं अर्द्ध-शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दोपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री के लिये भी हेलमेट पहनना आवश्यक है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि इसी प्रकार जो अधिकारी एवं कर्मचारी चारपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं। वे वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिये सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों निर्देशों का कड़ाई से पूर्णतः पालन करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी हेलमेट एवं सीट बेल्ट की जांच करें, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रवेश करने पर रोक लगायी जाए। यातायात पुलिस और जिला प्रशासन इस नियम का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें और उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही करे। सभी कर्मचारी सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु जागरूक हो और हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग को अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जाए।

# दीप अहलावत लाएंगे खेलों का स्वर्णिम समय: चौ. नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर के जूडो हाल में जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष संजय गर्ग द्वारा आयोजित खेल विश्व विद्यालय के प्रथम कुलपति बने रिटायर्ड मेजर जनरल अर्जुन अवॉर्डी दीप अहलावत का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर खेल प्रकोष्ठ की टीम ने कुलपति दीप अहलावत का जोरदार स्वागत किया। स्वागत के दौरान कुलपति दीप अहलावत ने कहा कि हमें सरकार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है वह ईमानदारी से निभाई जाएगी। खिलाड़ियों को निराश नहीं




होने देंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय लो. कदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व अंत. रराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि दीप अहलावत के कुल. पति बनाए जाने से अब उत्तर प्रदेश में खेलों का स्वर्णिम समय आएगा। खेलों को आगे बढ़ाया जाएगा जो बच्चे खेलो का सही प्लेटफार्म ढूंढने के लिए बाहर जाते हैं वह अब नहीं जायेंगे। खिलाड़ियों को हर सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे ईमानदार अधिकारी जो कि आर्मी से रिटायर्ड मेजर जनरल हैं, उन्हे खेल विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है। इससे खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल नजर आ रहा है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ अतुल सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

स्वागत करने वालों में वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी, खेल प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, चौ. नत्थू सिंह, सुधीर कुमार, मनोज मलिक, आरिफ मलिक आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर लुटेरे, बाइक बरामद

**सहारनपुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार वादी रोहित पुत्र दलसिंह निवासी रामनगर थाना कोतवाली देहात ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि 17 फरवरी की रात्रि दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार बदमाशों ने मुझे रास्ते में रोककर 4500 रूपए लूट लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक चंद्रसैन सैनी व उपनिरीक्षक बलबीर सिंह के नेतृत्व में रात्रि गश्त करते हुए चौकिंग के दौरान रामनगर बाईपास के पास लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों आर्यन पुत्र अरूण कुमार निवासी त्यागी डेयरी हसनपुर चुंगी थाना सदर बाजार, क्रिश पुत्र रामपाल निवासी रक्खा कालोनी थाना सदर बाजार व यश पुत्र बौबी उर्फ सुशील निवासी आशीर्वाद कालोनी थाना सदर बाजार को हाकिमपुरा वाले रास्ते के पास से दबोच लिचया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे/निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल संख्या यूपी 11सीवी/8967 एवं 2500 रूपए की नगदी बरामद कर ली। प्रभारी निरीक्षक श्री सैनी ने बताया कि बताया कि दबोचे गए आरोपी आर्यन ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैंने व मेरे दोस्तों ने मिलकर 17 फरवरी की रात अम्बाला रोड के पास से एक व्यक्ति से 2500 रूपए की नगदी व उसकी मोटरसाइकिल लूट ली थी। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# बकाएदारों के खिलाफ कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** विधुत बकायेदारों और विधुत चोरों के विरुद्ध एसडीओ ने पुलिस दल बल के साथ शिकंजा कसा,ग्रामीणों में हड़कंप मचा।

मंगलवार को अधिक्षण अभियंता रविन्द्र बाबू के आदेशानुसार व देवबंद अधिशासी अभियंता विरेन्द्र सिंह के निर्देशन में गांव भाटौल में पीएससी दलबल के साथ तल्हेडी बुजुर्ग उपखण्ड अधिकारी सन्तोष कुमार, देवबंद द्वितीय उपखंड अधिकारी अमित गुप्ता, सहायक अभियंता अभिषेक ,सहायक अवर अभियंता भटोल भगवान सहाय, तल्हेडी बुजुर्ग अवर अभियंता बबलू कुमार,टीजीटू यतिन वर्मा,लाइनमैन मोहित ,मोनू और जावेद द्वारा संयुक्त रूप से विधुत चोरों की धरपकड़



करने के लिए अभियान को गति दी गई। अचानक हुई विद्युत विभाग की छापेमारी से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इस दौरान तल्हेडी उपखण्ड अधिकारी सन्तोष कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान 35 विद्युत बकायेदारों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। जबकि ऐसे 14 लोगों को विद्युत लाइन पर कटिया डालकर चोरी छुपे बिजली चलाते हुए चिन्हित किया गया है। इन सभी के विरुद्ध प्रारंभिक कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जांच अभियान के अंतर्गत 238 कनेक्शन चेक किए गए हैं जिसमें से ओटीएस योजना के अंतर्गत 20 उपभोक्ताओं के पंजीकरण कर दो लाख रुपए की राजस्व धनराशि जमा की गई है। इसके बावजूद भी गांव में 44 लाख रुपए बकाया धनराशि है। उनका कहना है विधुत चोरी करना एक कानूनी अपराध है जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गांव भलस्वा ईसापुर में ग्रामीण की संदिग्ध मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव भलस्वा ईसापुर में विषाक्त पदार्थ खाने से एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर गांव में पंहुची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव भलस्वा ईसापुर निवासी मुजीबुर्रहमान रहमान 35 पुत्र इलियास का क्षेत्र के गांव मीरपुर मो. हनपुर निवासी अपने एक रिश्तेदार के साथ लेन देन का मामला चल रहा था। रिश्तेदार अपनी रकम वापस करने के लिए उस पर दबाव बना रहा था।

चर्चा है कि उसने इस संबंध में एक तहरीर स्थानीय पुलिस को भी दी थी। बताया जाता है कि इस संबंध में पुलिस गांव में गयी थी। परिजनों का कहना है कि दबाव के चलते सोमवार दोपहर मुजीबुर्रहमान रहमान ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे उपचार के लिए सहारनपुर के एक चिकित्सालय मे ले गए थे। जहां उपचार के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया मृतक अपने पीछे दो मासूम बेटी छोड़ गया है।

उधर थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तथा मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने पर ही अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# वार्षिकोत्सव में श्रद्धालुओं ने जाने जीवन जीने के सूत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम के 17 वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बालाजी धाम प्रांगण में दिव्य गीता सत्संग के नृत्य दिवस में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के श्री मुख से भक्तों ने दिव्य गीता सत्संग में गीता में हनुमान और हनुमान में गीता शीर्षक में जीवन जीने के सूत्र को जाना।

सर्वप्रथम प्रातः काल में श्री बालाजी महाराज को श्री भैरव जी महाराज को और श्री प्रेतराज सरकार को 56 भोग श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज द्वारा अर्पित किया गया उसके उपरांत भजन कीर्तन कार्यक्रम में आचार्य अमित भारद्वाज, आचार्य मनीष के भजन प्रभु तुम मेरे जीवन के धन हो



और प्राणाधार हो, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो आप प्रभु जी मेरा नाम हो रहा है ने भक्तों को मंत्र मुक्त कर दिया। श्री बालाजी धाम के संस्थापक तुलसी महाराज ने कहा कि आज के दिन 18 फरवरी सन 2008 में ही श्री बालाजी महाराज की स्थापना श्री बालाजी धाम में की गई थी तब से लेकर अब तक श्री बालाजी महाराज अपने भक्तों की कसन को दूर करते हैं तो उनकी मनो. कामना को पूर्ण कर रहे हैं इसके उपरांत दोपहर में आयोजित गीता सत्संग में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानेंद्र महाराज ने उपस्थित कार्यक्रम का शुभारंभ दिप प्रज्वलित से हुआ। दिप प्रज्वलन बाबा गोपाल दास, आचार्य प्रगीत कौशिक, पवन बब्बर, देवेंद्र बंसल ने संयुक्त रूप से किया।

गीता मासी स्वामी करण महाराज ने कहा की बाल हनुमान जी महाराज में भी था और बाल भी में भी था लेकिन भीम का बाल अहंकारी तथा हनुमान जी महाराज का बाल विनम्रता युक्त था अगर जीवन में किसी व्यक्ति के विनम्रता रहेगी तो वह प्रभु चरण प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर हरीश चंद्र नोटियाल, उमेश जोशी,अशोक पपनेजा, अजय सूरी, शिला विजन, योगेश अग्रवाल , विवेक कुमार, मनोज वालिया, भानु, बंटी विजन अखिल माहेश्वरी दीपक सहगल अनिल कुमार सुरेंद्र कुमार प्रसाद शांतनु सार्थक जोशी आचार्य शुभम कौशिक आचार्य अमित भारद्वाज आचार्य दीपक अग्निहोत्री आदि श्रद्धालु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# किसानों ने एसडीए को सौंपे असहमति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** किसानों ने सहारनपुर विकास प्राधिकरण पर पहुंचकर जमीन अधिग्रहण पर अपने असहमति पत्र सौंपे और विरोध जताया।

कांग्रेस नेता प्रवीण चौधरी व वरूण शर्मा ने बताया कि गांव चुनेहटी गाडा, सैदपुरा, मौहम्मदपुर बहलोल. पुर के संबंध में सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने 29 जनवरी को एक विज्ञप्ति का प्रकाशन कराया था। जिसमें तीनों गांवों की जमीन को अधिग्रहण करने के लिये सभी किसानों व व्यवसायिक प्लाट वालों से आपसी सहमति जताई गई थी। उनका कहना था कि विकास प्राधिकरण के दावे के विपरीत किसी



भी किसान से सहमति के बारे में कोई बात नहीं की गई। जिसके विरोध में आज किसानों ने सहारनपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर असहमति पत्र सौंपे और अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की सहमति के बिना कोई कार्यवाही की गई तो वह मामले को सीएम और पीएम दरबार तक लेकर जायेंगे।

# मण्डी कोतवाली पुलिस ने शातिर चोर समेत दो पकड़े

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर समेत दो आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल कर ली।

मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार व उपनिरीक्षक अश्विनी कुमार के नेतृत्व में एक शातिर चोर आमिर उर्फ पिल्ला पुत्र शरीफ निवासी पीर वाली गली चांद कालोनी थाना मंडी को कमेला रोड पर कुम्हारों के कब्रिस्तान के पास से दबोच लिचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल यूपी 11एवाई- 0096 बरामद कर ली। इसी थाना पुलिस ने एक अन्य मामले में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक नरेंद्र सोलंकी व उपनिरीक्षक अतुल कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक शातिर

**■ चोर के कब्जे से बरामद की चोरी की मोटरसाइकिल**

आरोपी भोलू उर्फ शाहनजर उर्फ शोएब पुत्र शेर मौहम्मद उर्फ शेर अली निवासी हिसामुद्दीन शाहनूरजी इस्लामिया इंटर कालेज के पास थाना कुतुबशेर हाल निवासी पुराना मदरसा थाना देवबंद को शिव कुटिया मंदिर के गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। दबोचे गए आरोपी ने पूछतान के दौरान पुलिस को बताया कि मैंने अपने साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीना था। पुलिस ने दोनों आरोपियों का वांछित धाराओं में चालान काटकर जेल भेज दिया।

# कौशल विकास के लिए मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जेवी जैन कॉलेज में कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा एमबीए पीजीडीएम विश्वविद्यालय मेले का आयोजन किया गया।

इस वर्कशॉप में एक साथ 17 विश्वविद्यालयों के डायरेक्टरों ने भागीदारी की जिनमें चितकारा विश्व. विद्यालय चंडीगढ़, हरिद्वार विश्व. विद्यालय हरिद्वार, क्वांटम विश्वविद्यालय रुड़की, एचआरआईटी विश्वविद्यालय गाजियाबाद, एमिटी विश्वविद्यालय मोहाली, रायत बहरा विश्वविद्यालय मोहाली पंजाब, आईआईएम विश्व. विद्यालय ग्रेटर नोएडा, देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय देहरादून, ग्लोबल विश्वविद्यालय देहरादून, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय देहरादून, दून विश्वविद्यालय देहरादून, सीजीसी विश्वविद्यालय चंडीगढ़, महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय




मौलाना, एसआरएम गाजियाबाद, गीता इंस्टीट्यूशन पानीपत, सीटा इमीग्रेशन दिल्ली, लॉयड बिजनेस स्कूल नोएडा आदि विश्वविद्यालय ने भाग लिया। इस वर्कशॉप में छात्र-छात्राओं को विषय के स्कॉलर ने बताया कि आप कक्षा 12 पास करने के बाद क्या करना चाहते हैं। सभी विषयों के विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। हमारे विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के कोर्स कराए जा रहे हैं, सभी विश्वविद्यालय ने 90 से 95 प्रतिशत प्लेसमेंट के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में 340 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आई ए आई एस डीसी की संयोजका प्रोफेसर ममता सिंघल द्वारा छात्र-छात्राओं को मोटिवेशनल विचारों के द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। प्रोफेसर सिंघल ने बताया कि आज की शिक्षा नौकरी या व्यवसाय से जुड़ी होनी चाहिए। इसी क्रम में महाविद्यालय ने अपने छात्रों की कैरियर गाइडेंस के लिए 17 विश्वविद्यालय को एक मच पर एकत्रित किया ताकि छात्र विश्वविद्यालय द्वारा कराए जा रहे विभिन्न प्रकार के कोर्स फीस स्कॉलरशिप एवं प्लेसमेंट आदि की जानकारी ले सके। इस वर्कशॉप में प्रिंसिपल प्रोफेसर हरिओम गुप्ता ने सभी छात्राओं को मोटिवेशनल विचारों से अवगत कराया। प्रोफेसर अशोक शर्मा नारायण शर्मा, एकांश कौशिक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एनएसएस का सफाई अभियान

**सहारनपुर।** जेवी जैन इण्टर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चिलकाना रोड स्थित गाँव बालपुर के प्राथमिक विद्यालय मे चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में आज स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मन्दिर में और गाँव की सड़कों में झाड़ू लगाई।

कार्यक्रम अधिकारी प्रदर्शन जैन ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता की महत्ता व आवश्यकता बताते हुए कहा कि शास्त्रों में लिखा है कि लक्ष्मी भी साफ सुथरे घर में हीं वास करती है। इसका अर्थ यही है कि हमे अपने घर की निरन्तर साफ सफाई रखनी चाहिए। फिर मोहल्ले और नगर की सफाई पर ध्यान देना चाहिए। अपने घर का कूड़ा सारे मोहल्ले में नही फैलाना चाहिए, बल्कि उसे घर में इकट्ठा कर वहां डालना चाहिए जहां नगर पालिका ने कूड़ा डालने के केंद्र बना रखे हैं। गंदगी से अनेक बिमारियां फैलती हैं। गंदे मैले कुचौले कपड़े पहनने वाले के पास कोई नही बैठना चाहता। सभी साफ सुथरे लोगो से संपर्क करना चाहते हैं। लेकिन हमारे देश में सफाई के प्रति जागरूकता नही है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। पहले हमे स्वयं सफाई पसन्द बनना होगा। सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनने की शपथ दिलाई गई। स्वयंसेवकों ने गाँव की सडकों पर श्रमदान करते हुए झाड़ू लगाई और नालियों की सफाई की, कूड़ा उठाकर फेंका। स्वयंसेवको ने प्राथमिक विद्यालय में क्यारियों का निर्माण भी किया जिनमे शिविर के दौरान ही वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में मौ सुहेल, वरुण वर्मा, वंश शुक्ला, गौरव, तौसीफ, जतिन, करण , मिलन, अंश चौहान, रुद्र वर्मा सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

